कर्म बहुत ध्यान से कीजिए, क्योंकि ना किसी की दुआ खाली जाती है और ना ही किसी की बद्दुआ।

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 255- ● जबलपुर ● सोमवार, 18 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

किसानों का देशव्यापी आंदोलन

# रेल ट्रैक पर बैठे अन्नदाता

**नई दिल्ली, अमृतसर, लखीमपुर ।**

संयुक्त किसान मोर्चा का देशव्यापी रेल रोको आंदोलन शुरू हो गया है, शाम चार बजे तक रेल यातायात बाधित रहेगा। हरियाणा के बहादुरगढ़ में किसान रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं। लखनऊ में धारा 144 लागू कर दी गई है। कई जगह किसान नेताओं को नजरबंद किया गया है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसान संगठनों के रेल रोको आंदोलन पर कहा कि ये अलग-अलग ज़िलों में अलग-अलग जगह होगा। पूरे देश में वहां के लोगों को पता रहता है कि हमें कहां ट्रेन रोकनी है। भारत सरकार ने अभी हमसे कोई बात नहीं की है।

## लखनऊ में धारा 144 लागू

किसान संगठनों द्वारा बुलाए गए रेल रोको आंदोलन में हिस्सा लेने वालों लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। लखनऊ पुलिस ने ज़िले में सीआरपीसी की धारा 144 लगाई गई है, अगर कोई सामान्य स्थिति को बाधित करने की कोशिश करता है तो उस पर एनएसए



लगाया जाएगा। लखीमपुर खीरी कांड के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में रेलवे ट्रैक जाम कर दिया गया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने घटना के विरोध में राष्ट्रव्यापी रेल रोको का आह्वान किया है। लखीमपुर खीरी कांड के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के रेल रोको आह्वान के मद्देनजर हरियाणा के सोनीपत रेलवे स्टेशन पर रैपिड एक्शन फोर्स तैनात की गई है। अमृतसर के देवी दासपुरा गांव में कृषि कानून के प्रदर्शनकारी रेलवे ट्रैक पर धरने पर बैठ गए। हरियाणा के बहादुरगढ़ में किसान रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं। इसके अलावा अमृतसर में भी किसानों ने ट्रैक पर कब्जा कर लिया है।

## राज्यों में आज निकाली जाएंगी कलश यात्राएं

लखीमपुर हत्या मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री को बर्खास्त कर, गिरफ्तार करने की मांग की है। मोर्चा की ओर से जारी बयान में बताया गया है किलखीमपुर खीरी में जान गंवाने वाले किसानों की अस्थियों के साथ उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और दूसरे राज्यों में शहीद कलश यात्राएं निकाली जा रही है। लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत के मामले में न्याय और केंद्रीय राज्यमंत्री को बर्खास्त करने सहित दूसरी मांगों के समर्थन में किसानों ने आज रेल रोको कार्यक्रम की घोषणा की है।

# कोरोना सबसे कम

**नई दिल्ली।**



त्योहारी सीजन शुरू हो चुका है। कुछ दिन बाद धनतेरस, दीपावली और छठ जैसे महापर्व भी नजदीक आ जाएंगे। ऐसे में राहत की बात यह है कि देश में कोरोना की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में 230 दिन यानी आठ महीने बाद पहली बार कोरोना के सबसे कम मरीज सामने आए हैं। 24 घंटों में 13,596 संक्रमित दर्ज किए हैं। जबकि, रविवार को यह आंकड़ा 14,146 था। लगातार घटते कोरोना मरीजों की संख्या के कारण देश में एक्टिव केस की संख्या भी तेजी से नीचे गिर रही है। अच्छी बात यह है कि अब एक्टिव केस की संख्या दो लाख से नीचे पहुंच चुकी है। सोमवार को जारी आंकड़ों के तहत देश में इस समय कुल 1,89,694 संक्रमित हैं।

## फटाफट खबरें



### एमपी में टीके की दूसरी डोज नहीं लगवाने वालों का आंकड़ा 85 लाख

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना से बचाव के टीका की दूसरी डोज नहीं लगवाने वालों का आंकड़ा रविवार को 85 लाख हो गया। हफ्ते भर पहले तक यह संख्या 70 लाख थी। टीका नहीं लगवाने वालों में 40 फीसद तो ऐसे हैं, जिनकी टीका लगवाने की अवधि निकल चुकी है। बाकी 60 फीसद का समय अभी चल रहा है, लेकिन वह टीका लगवाने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। अब सरकार दूसरी डोज के लिए लोगों को प्रेरित करने के खातिर सोमवार से विशेष अभियान शुरू करने जा रही है।

### बैंक आफ इंडिया ने होम और ऑटो लोन को किया सस्ता

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया ने त्योहारी सीजन से पहले होम लोन और ऑटो लोन पर ब्याज दरों में कटौती की है। बैंक ने होम लोन की ब्याज दरों में 35 बेसिस पॉइंट्स (1 प्रतिशत= 100 बेसिस पॉइंट्स) और वाहन ऋण ही ब्याज दरों में 0.50 फीसद कमी की है। इस कटौती के बाद बीओआई का होम लोन दर 6.50 प्रतिशत से शुरू होगा। वह व्हीकल लोन घटकर 6.85 प्रतिशत रह गई है।नई दरें 18 अक्टूबर 2021 से 31 दिसंबर 2021 तक लागू रहेगी। नए लोन और ट्रांसफर वाले ग्राहक भी कम दरों का लाभ उठा सकते हैं।

### फिर बोले भूपेश बघेल- आलाकमान के फैसले को मानूंगा

**जगदलपुर/रायपुर।** ढाई-ढाई साल के मसले पर राज्य में राजनीत गर्म है। टीएस सिंहदेव लगातार दिल्ली में अपने समर्थकों के साथ डेरा डाले हुए हैं। इस बीच राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की खबर के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि आलाकमान का जो फैसला होगा, उसे वह स्वीकार करेंगे। टीएस सिंहदेव के बयान पर सीएम ने कहा यह सब चलता रहेगा। मैं पहले भी कह चुका हूं हाईकमान जो भी निर्णय लेगा, सब मानेंगे। एक ही बात बार बार दोहराने का क्या फायदा। बस्तर दशहरा में शामिल होने दो दिन के दौरे के दूसरे दिन सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यहां से 32 किलोमीटर दूर बकावंड ब्लाक के गिरोला जाएंगे।

# शेयर मार्केट ने तोड़े अब तक के सारे रिकॉर्ड

**मुंबई ।**




दशहरा के बाद शेयर बाजार में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है और सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर मार्केट ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 511.37 बढ़कर पहली बार 61,817.32 के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी बढ़त के साथ ओपन हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी आज 130.20 अंक की बढ़त के साथ 18,468.75 के स्तर पर ओपन हुआ।

## इन कंपनियों को फायदा

आज शेयर मार्केट के खुलने के बाद इंफोसिस दो फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद क्रमशः टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन और इंडसइंड बैंक को फायदा मिला। [illegible] को भी दूसरी तिमाही में डबल मुनाफा हुआ है। राजस्व 47 फीसदी बढ़कर 7800 करोड़ के करीब पहुंचा है और मार्जिन में दो फीसदी से ज्यादा का सुधार दिखा है।

## इन कंपनियों का घाटा

दूसरी ओर, एशियन पेंट्स, बजाज ऑटो, डॉ रेड्डीज और एचसीएल टेक शुरुआती सौदों में घाटे के साथ कारोबार कर रहे थे।

## अलर्ट : असम में आतंकी हमले की तैयारी में?

# आरएसएस व आर्मी कैंपों को बना सकते हैं निशाना

**गुवाहाटी।** उत्तर-पूर्वी राज्य असम में आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया गया है। असम पुलिस की ओर से जारी किए गए इस अलर्ट के तहत पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन अलकायदा मिलकर राज्य में बड़ा आतंकी हमला कर सकते हैं। खुफिया इनपुट के आधार पर जारी किए गए इस अलर्ट के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कैडरों, सैन्य ठिकानों व धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने की तैयारी है। गुवाहारी पुलिस कमिश्नर की ओर से शनिवार को सभी जिलों की पुलिस को अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस से सभी सुरक्षा उपायों को अपनाने को कहा गया है। इस अलर्ट को पिछले महीने दारांग जिले में हुई हिंसक झड़प से जोड़ कर देखा जा रहा है, जिसमें दो मुस्लिम युवकों की मौत हो गई थी तो 11 पुलिसकर्मियों समेत 20 लोग घायल हो गए थे। पुलिस को मिले इनपुट के तहत आतंकी बम या आईईडी से सार्वजनिक स्थानों पर हमला कर सकते हैं। यह हमला बस स्टेशनों या फिर धार्मिक स्थलों पर हो सकता है।



### कश्मीर और असम के लिए जारी किया गया था वीडियो

पुलिस द्वारा जारी किए गए सर्कुलर में इस्लामिक कोऑपरेशन की ओर से किए गए एक ट्वीट का हवाला दिया गया है, इसमें पुलिस द्वारा चलाए गए अतिक्रमण अभियान में मुस्लिम युवकों की मौत की निंदा की गई। इसके बाद अलकायदा की ओर से एक वीडियो जारी किया गया, जिसमें कश्मीर और असम में जिहाद के लिए अपील की गई थी। पुलिस सतर्क हो गई है।

## बिहारियों को दें..15 दिन , आतंकियों को न सुधार दिये तो कहिएगा...

**पटना।** आतंकी हमले में बिहारी मजदूर की मौत के बाद से सियासत गरमा गई है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने जहां इस घटना के लिए नीतीश सरकार को दोषी ठहराया है तो वहीं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कश्मीर से आतंक के खात्मा के लिए पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से एक अलग ही मांग रख दी है। जीतन राम मांझी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि अगर हालात में बदलाव नहीं हो पा रहें तो प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह है कि कश्मीर को सुधारने की जिम्मेदारी हम बिहारियों पर छोड़ दीजिए, 15 दिनों में सुधार नहीं दिया तो कहिएगा।

मध्यप्रदेश में फिर कयासों की सियासत

## अब सज्जन ने की गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात



**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने सोमवार को गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा से उनके आवास पहुंचकर मुलाकात की। दोनों के बीच करीब आधा घंटा बंद कमरा चर्चा हुई। इसके बाद सियासी गलियारों में कांग्रेस नेताओं द्वारा गृहमंत्री से एक के बाद मुलाकात किए जाने को लेकर चर्चाओं ने फिर जोर पकड़ लिया है। हालांकि, दोनों नेताओं ने इस सौजन्य भेंट करार दिया। इसके पहले विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने भी डा. मिश्रा से मुलाकात की थी। पिछले कुछ समय से कांग्रेस के नेताओं द्वारा गृहमंत्री से मुलाकात करने का सिलसिला बढ़ा है।

# सिमी ने जंगल में लगाए थे कैंप



एमपी को लेकर आईएएस आतंकी का बड़ा खुलासा

**इंदौर।** सुरक्षा एजेंसियों की गिरफ्त में आए आइएस के आतंकी अल हिंद ने खुलासा किया है कि वे मध्य प्रदेश सहित गुजरात और महाराष्ट्र के जंगलों में ट्रेनिंग कैंप लगाने वाले थे। बता दें कि मालवा-निमाड़ क्षेत्र सिमी आंतकियों का %सेफ हाउस% रहा है। वर्ष 2008 में इंदौर के श्याम नगर से सिमी सरगना सफदर नागौरी को साथियों सहित गिरफ्तार किया था। आतंकियों से पूछताछ में जयपुर और गुजरात धमाकों की साजिश का खुलासा तो हुआ ही साथ ही मालवा-निमाड़ के जंगलों में कैंप लगाकर आतंकी ट्रेनिंग लेने की जानकारी भी खुफिया एजेंसियों को मिली थी। 2008 में गुजरात बम धमाकों के पूर्व अब्दुल सुभान कुरैशी उर्फ तौकीर और हाजी मूसा जैसे हार्डकोर आतंकियों ने खंडवा के जंगलों में पांच दिन का एक ट्रेनिंग कैंप लगाया था। खंडवा से तीस किमी दूर उत्तर में जंगल के बीच इंडियन मुजाहिदीन (आइएम) के तौकीर और हाजी मूसा ने सिमी आतंकियों को प्रशिक्षण दिया था। इसी तरह एक प्रशिक्षण शिविर चोरल के जंगलों में भी लगाया गया था। यहां भी सिमी सदस्यों ने हथियार चलाने, पहाड़ पर चढ़ने और डिटोनेटर की सहायता से विस्फोटक तैयार करने की ट्रेनिंग ली थी। पुलिस ने चोरल के जंगलों से जमीन में दबाकर रखे गए डिटोनेटर व अन्य सामग्री भी बरामद की थी।

## सूरत की पैकेजिंग कंपनी में भीषण आग, दो मजदूरों की मौत

### हाइड्रोलिक लिफ्ट के द्वारा 125 से ज्यादा मजदूरों को बचाया



**सूरत।** गुजरात के सूरत के कडोडोरा में आज सुबह एक पैकेजिंग कंपनी में भीषण आग लग गई। इस घटना में अब तक दो मजदूरों की मौत हुई है और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। जबकि हाइड्रोलिक लिफ्ट द्वारा 125 से ज्यादा मजदूरों को बचा लिया गया है। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां अब भी मौजूद हैं। जानकारी के अनुसार हादसा उस वक्त हुआ जब मजदूर पांचवीं मंजिल पर काम कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, कुछ लोगों ने जान बचाने के लिए कथित तौर पर इमारत से छलांग लगा दी जिसमें दो व्यक्ति की मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि कडोडोरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित इकाई से 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है और घटना में कुछ कर्मचारी झुलस भी गए हैं। बचाव अभियान अब भी जारी है।

# भाजयुमा नेता की गोली मारकर हत्या



**कोलकाता।** बंगाल भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को दावा किया है कि उत्तर दिनाजपुर के इटहार में हमलावरों ने पार्टी की युवा शाखा के नेता मिथुन घोष की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। उन्होंने इस हत्या के लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। सोमवार को एक ट्वीट करते हुए सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि इटहार में भाजपा युवा मोर्चा के नेता मिथुन घोष की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस हत्या के पीछे टीएमसी का हाथ है। उन्होंने आगे लिखा कि खून के प्यासे असामाजिक शिकारी जिन्होंने अपने मालिक के आदेश पर इस घटना को अंजाम दिया सही समय आने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पहाड़ों पर बर्फबारी मैदान में भारी बारिश

**देहरादून।** देश के एक बड़े हिस्से में मौसम ने करवट बदली है। हालात ये हैं कि पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है तो मैदान में भारी बारिश। दक्षिण के साथ ही उत्तर के अधिकांश राज्यों में मौसम बिगड़ गया है। केदारनाथ में बर्फबारी हुई है। हिमाचल प्रदेश में भी ऐसे ही हालात हैं। देहरादून में स्कूल बंद हैं। पर्यटकों को पहाड़ी इलाकों से दूर रहने को कहा है। वहीं केरल में मरने वालों की संख्या 26 पहुंच गई है।

# गजब : थाने में 25 लाख की चोरी



**आगरा।** आगरा के थाना जगदीशपुरा के मालखाने के दरवाजे और बक्से के ताले तोड़कर 25 लाख रुपये की चोरी कर ली गई, लेकिन पुलिस वाले सोते रहे। रविवार सुबह हेड मोहर्रिर के आने पर तैनात पुलिसकर्मियों को इसकी जानकारी हुई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चोर ने पहले मालखाना के पिछले के गेट के पास लगी खिड़की खोलने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गया। बक्से के ताले तोड़कर कैश चोरी कर ले गया। इस वारदात ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। थाने के मालखाने में चोरी में कितने चोर शामिल थे, यह पुलिस को पता नहीं चल सका। चोर किस रास्ते से आया और कहां चला गया, यह भी पता नहीं चल सका है।थाना जगदीशपुरा के दो गेट हैं। एक गेट बोदला-लोहामंडी मार्ग पर है। यह गेट बंद रहता है। आसपास दुकानें बनी हैं। गेट के अंदर थाना परिसर में सीज वाहन खड़े हैं। थाना का भवन 25-30 मीटर अंदर है।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE MICROTEK
फव्वारा भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन 9826115492, 9200792000

## यूपी में कचहरी के एसीजेएम ऑफिस में वकील की हत्या

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में दिनदहाड़े कचहरी की तीसरी मंजिल में एसीजेएम ऑफिस में अधिवक्ता की हत्या से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है, साथ ही आरोपी की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को करीब 11.45 बजे कचहरी की तीसरी मंजिल में एसीजेएम ऑफिस में अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली मारने वाला मौके पर तमंचा छोड़कर आराम से वहां से फरार हो गया। वारदात के वक्त ऑफिस में कोई मौजूद नहीं था। सूचना मिलते ही एसपी एस आनंद, डीएम इंद्र विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज तलाश रही है। है। तमंचे के साथ किसी व्यक्ति के कचहरी के अंदर घुसने से सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हुआ है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के 65 से ज्यादा घरों में लगाई आग

**ढाका ।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब खबर आ रही है कि रविवार रात को उपद्रवियों ने रंगपुर के पीरगंज में 65 से ज्यादा हिंदुओं के घरों में आग लगा दी है। स्थानीय संघ परिषद के अध्यक्ष के मुताबिक, कम से कम 65 हिंदुओं के घर पर हमला किया गया और उन्हें आग के हवाले कर दिया गया है। इसमें 20 घर पूरी तरह जल चुके हैं।

### सोशल मीडिया पोस्ट के बाद हुआ बवाल

हिंदुओं के घरों में आग लगाए जाने की वजह एक सोशल मीडिया पोस्ट को बताया जा रहा है। सामने आ रहा है कि एक शख्स ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट किया था। इसके बाद तनाव पैदा हो गया और उपद्रवियों ने उस शख्स के घर पर हमला बोल दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसको तो सुरक्षा प्रदान कर दी, लेकिन




उपद्रवियों ने आसपास के घरों को आग के हवाले कर दिया। ढाका ट्रिब्यून के अध्यक्ष मोहम्मद सादकुल इस्लाम ने बताया कि उपद्रवी जमात-ए-इस्लामी और छात्र शाखा इस्लामी छात्र शिविर की स्थानीय इकाई के छात्र थे।

### गृहमंत्री के बयान के बाद हुआ हमला

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों पर सोमवार को गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि जानबूझ कर देश का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इन हमलों के पीछे एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने कहा था कि हमलों की जांच की जा रही है, जो भी दोषी होगा उसे सजा दी जाएगी। बांग्लादेश में 13 अक्तूबर से हिंदुओं पर हमले शुरू हुए हैं। पहले अलग-अलग स्थानों पर दुर्गा पंडालों को निशाना बनाया गया था और हिंदुओं पर हमला किया गया था। इसमें चार हिंदुओं की मौत हो गई थी, वहीं 60 से ज्यादा घायल हो गए थे। इसके बाद इस्कॉन मंदिर को भी निशाना बनाया गया और तोड़फोड़ की गई थी।

# 15 दिन में पेट्रोल 3.57 रुपये और डीजल 4.05 रुपये महंगा

## ■ तेल के बढ़ते दामों ने बिगाड़ा बजट ■ हर वर्ग के लोग परेशान



**जबलपुर,यशभारत। जबलपुर सहित प्रदेश में पेट्रोल और डीजल के दाम आसमान छू रहे है। पेट्रोल का दाम 114.47 रुपये प्रतिलीटर हो गया है। वहीं डीजल 103.83 रुपये प्रतिलीटर पर पहुंच गया है। आज से करीब 15 दिन पहले पेट्रोल के दाम 110.90 और डीजल के दाम 99.78 रुपये प्रतिलीटर पर थे। इस तरह पेट्रोल के दाम पिछले 15 दिनों में 3.57 रुपये और डीजल में 4.05 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। इस तरह पेट्रोल और डीजल के दाम में देखते ही देखते बेतहाशा वृद्धि हो गई है। इधर, पेट्रोल डीजल के दाम में अभी और भी बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।**

इतना ही नहीं रसोई गैस के दाम में भी हुई वृद्धि आम जनता के घरेलू खर्च बढ़ा रही है। घरेलू रसोई गैस के दाम 890 रुपये 50 पैसे हो गए है। पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम में हुई वृद्धि से उपभोक्ता भी खासे परेशान हैं। वे घर के बिगड़े बजट को नहीं संभाल पा रहे हैं। इसका असर खाद्य सामग्री पर भी पड़ रहा है। सब महंगा होते जा रहा है। बातचीत के दौरान महिलाओं ने बताया कि पेट्रोल व डीजल महंगा होने से हर चीज पर असर पड़ रहा है। इस कारण घर के खर्च में दोगुना बढ़ोत्तरी हो गई है। चार से पांच हजार रुपये की वृद्धि घर खर्च में हुई है। तेल के भावों में मूल्यवृद्धि बाजार में महंगाई को न्यौता देने लगी है।

अनलॉक के बाद शहर में पेट्रोल-डीजल के भावों में लगातार वृद्धि हो रही है। डीजल के दामों के बढ़ने से बसों का किराया पहले ही बढ़ चुका है। इससे सवारियों को परेशानी झेलना पड़ रही है। खास बात रही कि कोरोना काल में मार्च से मई तक पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा पेट्रोल-डीजल के भाव स्थिर रखे गए थे। इस दौरान पेट्रोल-डीजल की खपत भी कम रही थी। वहीं अब कुछ दिनों से पेट्रोल व डीजल के दाम अस्थिर हैं। उल्लेखनीय है कि शहर में दर्जनो पेट्रोल पंप हैं। प्रतिदिन हजारों बाइक-कार में पेट्रोल और सैकड़ों चार पहिया, बस-ट्रक व छोटे-बड़े वाहनों में डीजल भरवाया जाता है।

### बुरा असर होगा



लोगों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षो से तेल की कीमतें बढ़ीं तो हैं, लेकिन शायद यह पहली बार है जब तेल की कीमतों में इतनी बढ़ोतरी की गई है। पहले से ही कोरोना व महंगाई की मार झेल रहे आम जनता पर भी इसका बुरा असर होगा। सरकार की गलत नीतियों से ऐसा हो रहा है।

**अनूप कोष्टा**

## || क्या कहते है लोग ||

### फायदा नहीं दिया

जब पेट्रोल-डीजल के दाम कम हुए तो सरकार ने अपना लाभ बचाने के लिए टैक्स बढ़ा दिया। इसके फायदे जनता को नहीं दिया। अब दाम बढ़ते हैं तो सरकार को तुरंत टैक्स कम कर के लोगों को राहत देनी चाहिए। आज सभी वर्ग के लोग कोरोना महामारी से परेशान हैं।

**-अर्चना सोनी**

### खेती का बजट बिगड़ा

खेती के कार्यों का खर्च भी बढ़ा है। डीजल के दामों के बढ़ने के बाद इस साल कृषि कार्य का खर्च भी बहुत बढ़ गया है। दामों में हुई वृद्धि से खेती में काम करने वाले कृषि उपकरण वालों ने खेती में कल्टीवेशन, रोटरी और बुआई करने की राशि बढ़ा दी है। इससे किसान भी परेशान हो रहे हैं। वहीं पेट्रोल के दामों में हुई वृद्धि से किसान खासे परेशान हैं। किसानों को खेती में अधिक राशि खर्च करना पड़ रही है। मध्यप्रदेश सरकार को डीजल पर वैट टैक्स हटाना चाहिए जिससे डीजल के भाव में कमी आएगी, लेकिन सरकार टैक्स हटा नहीं रही है। वहीं पहले ही किसान कोरोना काल मे फसलों के दाम नहीं मिलने से परेशान हो रहा है।

**मनोज पटेल किसान**

### वस्तुओं के दाम भी बढ़ेंगे



जिनके पास डीजल व पेट्रोल से चलने वाले वाहन हैं। उनके लिए काफी कष्टकारी साबित हो रहा है इसके बाद तो अन्य वस्तु के दाम भी बढ़ रहे हैं। हम मध्यम वर्ग का बजट बिगड़ता जा रहा है। उनका कहना है कि पेट्रोल के दाम कम होना चाहिए अब तो गाड़ी चलाना भी मुश्किल हो रहा है। सरकार द्वारा इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

**मोहम्मद रियाज**

### अब तो साइकिल से चलाना पड़ेगा काम

पेट्रोल के दाम 115 रुपये की करीब जा पहुंचा है जिस तरह से कीमतें बढ़ रही है उससे अब आगे वाहन चलाना मुश्किल होने लगा है और अब साइकिल से ही काम चलाना होगा क्योंकि जेब पेट्रोल के मूल्य बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है।

**अमित कुमार**

# जबलपुर संभाग में गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी के आसार



**20 अक्टूबर के बाद ठंडक बढ़ने के आसार**

**जबलपुर** । मौसम के बदले अंदाज से दिन का अधिकतम तापमान मामूली गिरावट के साथ 32.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया वहीं न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री के पास पहुंच गया जो सामान्य से 4 डिसे अधिक रहा। । मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज जबलपुर संभाग सहित आस पास के जिलों में कहीं -कहीं गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम का मिजाज बदला और बारिश की बौछारों से फिजाओं में ठंडक घुल गई। लेकिन ठंडक के साथ उमस भरी गर्मी का अहसास भी बना रहा। शाम को मौसम सुहाना रहा तो रात को उमस भरी गर्मी भी बेचैन करती रही। धूप, बादल और फिर बारिश का रंग एक साथ देख लोग हैरान और परेशान हैं। मानसून की विदाई बाद मौसम की रंगत कभी राहत तो कभी आफत बन रही है। सर्द के साथ गरम का अहसास लोगों की सेहत बिगाड़ रहा है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि बारिश के बाद अब धीरे-धीरे ठंड भी अपना असर दिखाएगी। अभी पश्चिम विक्षोभ के कारण हवाओं का रुख दक्षिण-पूर्वी हो गया है। पर जब हवा उत्तरीय होगी जब ठंडक का अहसास फिर से बढ़ने लगेगा। पश्चिमी विछोभ के कारण अभी उसम भरी गर्मी का अहसास हो रहा है। लेकिन जबलपुर सहित आस-पास के क्षेत्रों में बारिश होने के बाद 20 अक्टूबर के बाद वातावरण में ठंडक बढ़ सकती है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में दिन और रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना जताई है।



# सूर्य देव ने किया अपनी नीच राशि में प्रवेश

**जबलपुर।** सूर्य 17 अक्टूबर को अपनी नीच राशि तुला में दोपहर 1 बजकर 11 मिनट पर प्रवेश कर गए हैं। जहां वह 16 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट तक रहेंगे। इसे तुला संक्रांति भी कहा जाता है। ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र में कोई भी ग्रह अपनी नीच राशि में प्रवेश करता है तो अच्छा नहीं माना जाता। इसी तरह तुला में सूर्य की यह स्थिति भी अच्छा फल नहीं देगी। यह परिवर्तन आरोग्यता और अज्ञानता को बढ़ाने वाला होता है। इसी के साथ जिनकी कुंडली में सूर्य की स्थिति अच्छी है। उन्हें ही इसका शुभ फल मिल सकता है। बाकी राशियों को इससे सतर्क रहने की जरूरत है। सनातन धर्म में तुला संक्रांति का विशेष महत्व माना गया है। हमारे देश के कई राज्यों में तुला संक्रांति का पर्व को बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है।मान्यता है कि इस दिन अगर महालक्ष्मी को प्रसन्न कर लिया जाए तो उनकी कृपा से जीवन में कभी भी धन की कमी नहीं होती। तुला संक्रांति और सूर्य के तुला राशि में रहने वाले इस माह में पवित्र जलाशयों और नदी में स्नान करना बहुत शुभ फलदायी माना जाता है।

# यंत्र इंडिया लिमि. को 8 सौ करोड़ का विरासती घाटा

## जीआईएफ सहित 8 फैक्ट्रियों को खर्च कटौती के निर्देश

**जबलपुर यश भारत । हाल ही में आयुध निर्माणी बोर्ड के भंग होने के बाद बने 7 आयुध निगमों में से एक यंत्र इंडिया लिमिटेड को विरासत में करीब 8सौ करोड़ रुपए का घाटा मिला है।**



8 निर्माणियों वाले इस समूह को पहले अपना घाटा पूरा करना होगा। इसके लिए यंत्र इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर (ऑपरेशन) में 12 अक्टूबर को पत्र जारी कर सभी प्रकार के खर्चों में कटौती की निर्देश दिए हैं। यंत्र इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर( ऑपरेशन )ए एन श्रीवास्तव ने समूह की फैक्ट्रियों के महाप्रबंधकों को लिखा है कि निगम में शामिल निर्माणियों को पिछले 3 वर्षों में करीब 8 सौ करोड़ रुपए का घाटा हुआ है ।अब कंपनी को व्यवसायिक और प्रतिस्पर्धा की दृष्टि से उत्पादन खर्चों में कटौती करना होगी। जिसमें मटेरियल कास्ट समय आकलन बाहरी स्रोतों से आने वाली पुर्जों और उनको बनवाने में खर्च के साथ अप्रत्यक्ष सामग्री खरीदी बिजली पानी ईंधन के साथ अन्य खर्चों में कटौती करना है । जानकारी के अनुसार यंत्र इंडिया लिमिटेड मे वे8 फैक्ट्रियां शामिल की गई हैं जो सीधे सेना के लिए उत्पादन ना कर अन्य आयुध निर्माणियों के उत्पादन में लगने वाले पुर्जे और उपकरणों को अंतर फैक्ट्री मांग (आईएफडी) के अनुसार तैयार करती आ रही हैं। जिसमें आयुध निर्माणी अंबाझरी आयुध निर्माणी कटनी आयुध निर्माणी बोलनगीर आयुध फैक्ट्री मेडक ओएनडीसी और शहर की जीआईएफ शामिल है।

# कैरियर कॉउन्सलर के कार्य हेतु आवेदन आमंत्रित

**जबलपुर।** स्कूल-कॉलेजों में कैरियर काउंसिलिंग का कार्य करने हेतु मानदेय आधारित पूर्णत: अस्थाई मनोवैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञों का पैनल बनाये जाने हेतु 25 अक्टूबर तक रोजगार कार्यालय कटंगा में आवेदन जमा किया जा सकता है। चयन कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा। जिसके लिए आवेदक के पास डिग्री या पी. जी. डिप्लोमा तथा मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग का पर्याप्त अनुभव परीक्षा, बैंकिंग, रेलवे, सेना, शासकीय भर्ती परीक्षाओं, शिक्षा छात्रवृत्ति, प्रवेश परीक्षा विशेष शिक्षा अध्ययन, सूचना तकनीकी, स्वरोजगार योजनाओ की विस्तृत जानकारी उद्योग संवर्धन, ऋण परियोजना रिपोर्ट आदि का ज्ञान, व्यावसायिक मार्गदर्शन के क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव सहित किसी भी स्ट्रीम में डिग्री, डिप्लोमा व पी. जी. डिग्री होना चाहिए। मार्गदर्शन के क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव रखने वाले एवं कम्प्यूटर पर समस्त कार्य करने वाले दक्ष आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदकों को कैरियर काउंसिलिंग का कार्य करने वाले अनुभवी स्किल मनोवैज्ञानिक परीक्षण में दक्ष एवं विषय विशेषज्ञों हेतु सम्बन्धित विषय का पूर्ण ज्ञान होना आवश्यक है। चयन उपरांत यदि कोई मनोवैज्ञानिक अथवा विषय विशेषज्ञ बिना पूर्व सूचना दिए काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहते है तो उनका नाम पैनल से हटा दिया जायेगा। यदि कोई मनोवैज्ञानिक अथवा विषय विशेषज्ञ आवश्यक जानकारी सहित अपडेट नहीं रहेंगे तो उनका नाम पैनल से हटा दिया जायेगा।

# हाईकोर्ट की मुख्यपीठ शब्द विलोपित करने का विरोध दर्ज

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के नवागत मुख्य न्यायाधीश रवि विजय कुमार मलिमथ के जबलपुर आगमन पर एमपी स्टेट बार कौंसिल के प्रतिनिधि मंडल ने सौहार्द भेंट की। इस दौरान हाई कोर्ट की मुख्यपीठ शब्द विलोपित किए जाने के प्रति विरोध दर्ज कराया गया। साथ ही राज्य के अधिवक्ताओं के हित में मुख्य न्यायाधीश से चर्चा की गई। प्रतिनिधि मंडल में एमपी स्टेट बार कौंसिल के उपाध्यक्ष आरके सिंह सैनी, को-चेयरमेन मनीष तिवारी, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष अहादुल्ला उसमानी, प्रवक्ता राधेलाल गुप्ता, सदस्य मनीष दत्त, सचिव प्रशांत दुबे शामिल रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।जबलपुर प्रदेश की न्यायधानी - स्टेट बार पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुख्य न्यायाधीश से कहा कि राजधानी बनने से वंचित रहा जबलपुर न केवल राज्य की संस्कारधानी बल्कि न्यायधानी की गरिमा से भी अलंकृत है। ऐसे में जबलपुर को हाई कोर्ट की मुख्यपीठ की गरिमा से वंचित नहीं किया जा सकता। प्रदेश के अधिवक्ता मुख्यपीठ शब्द विलोपित किए जाने जैसे शाब्दिक त्रुटि से खासे आक्रोशित हैं। मुख्य न्यायाधीश ने प्रतिनिधि मंडल की बात बहुत ही गौर से सुनी और शीघ्र ही उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।



**नवागत मुख्य न्यायाधीश का स्वागत, स्टेट बार ने अधिवक्ता हित में की चर्चा**





# फ्लाईओवर बनने से सफर सुहाना होने में वक्त, अभी सड़कें दे रही दर्द

**मदनमहल से लेकर दमोहनाका की सड़कें हुई जजर्र**

**जबलपुर।** वैसे तो फ्लाईओवर निर्माण के चलते मदनमहल से दमोहनाका का सफर लोगों को मुश्किल हो रहा है। निर्माण कार्य के कारण सड़कें जर्जर हैं। निकलने के लिए सड़क कम बची है। यहां तो लोग इस उम्मीद से परेशानी को सहन कर रहे हैं कि आने वाले समय में फ्लाईओवर पर सफर सुहाना हो जाएगा, लेकिन इसके अलावा भी शहर की सड़कें लोगों को झटके दे रही हैं। ब्लूम चौक से होमसाइंस कॉलेज की ओर से मदनमहल स्टेशन की ओर जाना भी खतरों से खाली नहीं है। यहां कई जगह सड़क से डामर गायब हो गया है और पूरी सड़क पर गिट्टी फैली हुई है। इस सड़क के दोनों ओर स्कूल कॉलेज हैं। यहां से सैकड़ों बच्चे रोज आना जाना करते हैं। सड़क जर्जर होने के कारण बच्चों को भी परेशानी होती है। यही हाल गुलौआ चौक से मदनमहल की ओर जाने वाले मार्ग का है। वैसे तो गुलौआ चौक की सड़कें ही जर्जर हैं। यहां मौजूद गड्ढे लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं, लेकिन यहां से मदन महल, गौतम जी मढ़िया जाने वाला मार्ग भी जर्जर है। सड़क में मौजूद गड्ढे वाहन चालकों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। कहीं-कहीं मार्ग अत्यंत जर्जर होने से लोगों को हिचकोले खाते हुए निकलना पड़ रहा है।

### धूल के गुबार से भी मुसीबत

कोरोना की मार झेल चुके शहरवासियों को इस मौसम में धूल के गुबार से रू-ब-रू होना पड़ रहा है। सड़क पर चलने वालों के साथ-साथ सड़क किनारे रहने वाले लोगों को घर के भीतर भी चेन नहीं हैं। धूल से लोगों को घर के अंदर भी दम घुट रहा है। **फोटो- बबलू**

# महादलित परिसंघ ने किया प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान

जबलपुर। महादलित परिसंघ जबलपुर द्वारा स्वर्गीय मंगल पराग की जयंती पर सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतिभा रत्न सम्मान कार्यक्रम सहित समरसता भोज का आयोजन किया गया, । मुख्य अतिथि , जगद्गुरु राघवाचार्य जी महाराज एवं काली नंद महाराज सहित , मुख्य वक्ता महादलित परिसंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश पिंपरे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चंद्र मैना ने की। इस दौरान प्रदेश महासचिव महेंद्र हट्टेल सहित महादलित परिसंघ के वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे । परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय बवन रावत जी द्वारा दिए गए नारा झाड़ू छोड़ो कलम उठाओ शिक्षा को हथियार बनाओ की विचारधारा पूरे कार्यक्रम में गूंजती रही। कार्यक्रम में इंजीनियर एडवोकेट एवं उच्च शिक्षा प्राप्त प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया, । शशिकांत राना ने कार्यक्रम को संबोधित किया। नगर अध्यक्ष दिलीप चमके ममता मलिक शिखा कटारिया मालती सुमन गुरुदास बढ़ गई या सुंदर बिरहा, निहाल बिरहा, राजेंद्र पराग, सुरेंद्र राठौर ,इंद्र कुमार तामिया न,ब्रजकिशोर ग्रावकर, गुरूदास बढ़गैया, रिसी व,से राजेश बदाम, मुक्तेश्वर राव, राजेश वर्षे, दिशांत राना,हर्ष कांत राना, रामकुमार चौधरी, नीरज मार्वे,शारदा मतेल,राहुल कटारिया, सहित इस दौरान पूरे संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से दलित वर्ग समुदाय से समाजिक उपस्थित रहे।



## इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेजों में एडमिशन

# सीएलसी में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**फॉर्म 25 अक्टूबर तक भरे जा सकेंगे**

**जबलपुर।** इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेजों में खाली सीटों पर एडमिशन के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग (सीएलसी) रविवार से शुरू हो गई। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 25 अक्टूबर तक होगा। काउंसलिंग के लिए पंजीयन करा चुके छात्र वेबसाइट पर संस्था/ ब्रांच की उपलब्ध सीटों को देखकर तय दिन पर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक कॉलेज में पहुंचकर उपस्थित दर्ज कराएं। इसके बाद मैरिट के अनुसार प्रवेश की कार्रवाई की जाएगी। रजिस्ट्रेशन/सत्यापन के बाद रजिस्ट्रेशन में सुधार 25 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे किया जा सकेगा। सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश निरस्त करवाने की सुविधा 24 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक रहेगी। प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/ काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट 222.dtempcounselling तथा स्न्ह्रद्ग.द्वश्चशठ्ठद्यद्बठ्ठद्ग.द्द्रश्1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है।

### इन कोर्स में एडमिशन

इंजीनियरिंग डिप्लोमा, डिप्लोमा नॉनपीपीटी, डॉक्टर बाबा साहब अम्बेडकर/एकलव्य, फार्मेसी, बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर, फार्म-डी, एकीकृत एमबीए, एकीकृत एमसीए, बैचलर इन होटल मैनेजमेंटट एंड कैटरिंग टैक्नोलॉजी में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर रात 11.30 बते तक होंगे।

■ संस्था स्तर की काउंसलिंग के बाद रिक्त सीटों के लिए 23 अक्टूबर सुबह 10.30 बजे से प्रवेश का अवसर रहेगा।

■ 23 अक्टूबर को संस्था स्तर की काउंसलिंग के बाद रिक्त सीटों के लिए 24 अक्टूबर सुबह 10.30 बजे से प्रवेश का अवसर रहेगा।■ 24 अक्टूबर को संस्था स्तर की काउंसलिंग के बाद रिक्त सीटों के लिए 25 अक्टूबर सुबह 10.30 बजे से रात 11.45 तक प्रवेश का अवसर रहेगा। ■ एमटेकएमई (पूर्णकालिक), एम फार्मेसी, एमबीए (पूर्णकालिक) और एमसीए में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर की रात 11.30 बजे तक कर सकते हैं।■ 20 अक्टूबर को संस्था स्तर की काउंसलिंग के बाद रिक्त सीटों के लिए 23 अक्टूबर सुबह 10.30 बजे से प्रवेश का अवसर रहेगा।

■ 23 अक्टूबर को संस्था स्तर की काउंसलिंग के बाद रिक्त सीटों के लिए 24 अक्टूबर सुबह 10.30 बजे से प्रवेश का अवसर रहेगा।

# कॉलेजों में दाखिले के लिए विद्यार्थियों को एक और मौका

## अब 30 अक्टूबर तक सकते हैं आवेदन

जबलपुर। कॉलेज में दाखिले से वंचित रह गए छात्रों के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश के 1301 कालेजों में अब 30 अक्टूबर तक प्रवेश होंगे। विद्यार्थी कालेज में बची हुई सीटों के लिए 21 से 30 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने शनिवार को एक वीडियो जारी कर कहा है कि जिन विद्यार्थियों को किसी विश्वविद्यालय या कालेज में प्रवेश नहीं मिला है, वे दोबारा आवेदन कर प्रवेश पा सकते हैं। विभाग आपका पंजीकरण करेगा। मंत्री ने कहा कि कालेज में प्रवेश की तारीख बढ़ाने के लिए कई संगठनों ने ज्ञापन दिए थे। इस कारण फिर से दस दिन के लिए प्रवेश की तारीख बढ़ाई गई।

# अग्नि शेखर की काव्यकृति जलता हुआ पुल पर विमर्श और काव्यपाठ

जबलपुर, । मप्र शासन संस्कृति परिषद विभाग, भोपाल द्वारा संचालित पाठक मंच केंद्र श्रीजानकीरमण महाविद्यालय द्वारा काव्य पाठ का आयोजन किया गया। जहां अग्निशेखर की काव्यकृति जलता हुआ पुल पर विमर्श भी किया गया। इस अवसर पर कवि शशिकांत यादव ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम में अध्यक्षता पाठक मंच के संयोजक डा. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने की। साथ ही पाठक मंच के उद्देश्य पर अपनी बात रखते हुए कहा कि पाठक मंच का प्रयास है कि पठन-पाठन की प्रक्रिया को बढाया जाए। कई ऐसे साहित्यकार हैं जिनकी रचनाओं पर किसी का ध्यान नहीं जाता। ऐसे रचनाकारों की रचनाओं को सभी के सामने लाना। साथ ही ऐसे साहित्यकारों को साहित्य जगत में स्थान दिलाने का प्रयास करना। युवाओं को अच्छी साहित्य रचना से जोडना और उन्हें भी अपनी प्रतिभाओं को निखारने का मंच प्रदान करना है। पाठक मंच की अलग-अलग शाखाएं शहर में साहित्य संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही हैं और लोगों तक पहुंच रही हैं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलसचिव सांची विश्वविद्यालय डा. अलेकश चतुर्वेदी ने वर्तमान साहित्य की दशा व दिशा पर अपनी बात रखी। वर्तमान साहित्य जगत में संवेदनायुक्त रचनाओं की आवश्यकताओं की बात कही। उन्होंने जलता हुआ पुल काव्य कृति को एक उत्कृष्ट रचना बताया। मुख्य वक्ता अधिवक्ता संपूर्ण तिवारीने लेखक अग्निशेखर की काव्यकृति जलता हुआ पुल पर विस्तार से विमर्श करते हुए समीक्षा प्रस्तुत की। सारस्वत अतिथि कवि शशिकांत यादव रहे। जिन्होंने अपनी राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत रचनाओं का काव्य पाठ किया।संचालन डा. आनंद सिंह राणा और आभार प्रदर्शन अजय मिश्रा ने किया। इस अवसर पर शहर के साहित्यकार अभिमन्यु जैन, डा. कौशल दुबे, राज सागरी, सुरेश मिश्र विचित्र, राजेश द्विवेदी, मनीषा तिवारी व अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।



# वैक्सीनेशन के लिए जबलपुर में अनोखी पहल

## कलेक्टर बोले- घर-घर जाएं, पीले चावल देकर लोगों को बुलाएं





जबलपुर। प्रदेश के साथ जिले भर में सोमवार और मंगलवार को कोविड वैक्सीनेशन को लेकर चलाए जाने वाले महाअभियान की सफलता को लेकर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने सोमवार को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सामाजिक संस्थाएं के पदाधिकारियों के साथ बात कर उन्हें महा अभियान की सफलता के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही उन्हें निर्देशित किया कि वह घर-घर जाकर लोगों को पीले चावल दें और लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करते हुए वैक्सीनेशन कैंप तक लेकर आएं। उन्होंने विशेष रूप से उन लोगों पर फोकस करने की बात कही, जिन्होंने पहला डोज तो लगवा लिया है, लेकिन दूसरा डोज लगवाने के लिए नहीं आए हैं।

### दूसरी डोज लगाने हेतु विशेष अभियान

कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने आज से 23 अक्टूबर तक जिले में विशेष पर अभियान चलाया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. के एस.एस. दाहिया के अनुसार कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज गौद, लगाने चलाये जा रहे छह दिनों के इस विशेष अभियान के तहत शहर में 72 केन्द्र बनाये गए है। इनकेन्द्रों पर कोरोना की दोनों वैक्सीन कोविशील्ड और कोवैक्सीन गी उपलब्ध है। डॉ. दाहिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र में तीन मोबाईल वैन भी तैनात की जा रही है जो सूचना मिलने पर दिव्यांग, बीमार एवं अक्षम लोगों के घर- घर जाकर वैक्सीन लगा रही हैं। उन्होंने बताया कि जबलपुर शहर के अलावा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में भी 120 टीकाकरण केन्द्र बनाये जा गए है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित किये जा रहे प्रत्येककेन्द्र में भी कोविशील्ड और कोवैक्सीन काटीका उपलब्ध रहेगा। कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने के लिये पूर्व से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं होगी।

## दहेज के लिए पत्नी को घर से भगाया : कपड़े का व्यापार शुरु करने चाहिए 2 लाख रुपए

जबलपुर, यशभारत। शादी का बंधन पवित्र होता है, लेकिन यदि रुपए का मोह हो जाए तो उस परिवार को टूटने में दो पल का भी समय नहीं लगता। ऐसा ही एक मामला आज महिला थाने में सामने आया। जिसमें पति को अपने कपड़े का व्यापार शुरु करने के लिए 2 लाख रुपए का दहेज चाहिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दहेज का प्रकरण दर्ज कर, जांच में लिया है। महिला थाना प्रभारी शबाना परवेज ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मझौली निवासी प्रार्थी महिला ने बताया कि उसकी शादी 2019 में गोहलपुर निवासी अमित जैन के साथ धूमधाम के साथ हुई थी। शादी के बाद सब ठीक था लेकिन फिर दहेज के लिए पति और ससुराल वाले लगातार प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जब उसने मायके से दहेज लाने के लिए मना कर दिया तो उसके पति और ससुराल वालों ने उसे खाना देना बंद कर दिया। इतना ही नहीं उसके साथ जमकर मारपीट भी की जाने लगी। कुछ दिन तो उसने सहा, लेकिन जब ससुराल पक्ष की हरकतें बढ़ने लगीं तो महिला ने अपने पति और सास और जेठ-जेठानी के खिलाफ आज थाने में शिकायत कर, कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अमित जैन से उसका आठ माह का बच्चा है। उसने बच्चे को पिता का प्यार देने के लिए ही अब तक सारे जुल्म सहती रही।

# बेहतर इंसान बनने प्रेरणा देते हैं बुजुर्ग





जबलपुर यश भारत। हमारे बुजुर्ग ही हमारे समाज की वो नीव है जो समाज को खड़ा रखे हुए हैं उनके दिए हुए संस्कार हम सबको एक बेहतर इंसान बनने की प्रेणना देते हैं आज उन बुजुर्गों का सम्मान करके में स्वयं भी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं मेरी आकांक्षा है कि जिस तरह हम 75 वर्ष पूर्ण करने वाले बुजुर्गों का सम्मान कर रहे है ऐसा ही एक मौका आए जब हम उनके शतायु होने पर उनका एक बार फिर सम्मान करें। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री चंद्र कुमार भनोट ने स्टेट बैंक कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति हाथी ताल एवं शिव शक्ति राम दरबार मंदिर सेवा समिति हाथी ताल द्वारा आयोजित बुजुर्ग सम्मान सम्मेलन कार्यक्रम में कही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ओ पी उपाध्याय आरके जैन एवं चैतन्य भट्ट उपस्थित थे।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले टी पी चौधरी, भागीरथ प्रसाद अग्रवाल, शंभू दयाल बड़ेरिया, आर के नेमा, एस एन जेठा, आर पी गुप्ता, एमएस परिहार सुभाष गुप्ता, के एल कठल,एस के अरोड़ा, पी के चौधरी, आर एन बसेड़िया, सुभाष डागा, सी एस राजपूत, बीसी जोशी तथा 70 वर्ष पूर्ण करने वाली महिलाओं कृष्णा वर्मा, पुष्पा भट्ट, तथा सरस्वती कौरव का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

### सम्मान सम्मेलन में अनेक बुजुर्ग हुए सम्मानित

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर ओझल वर्मा, अनुश्री सिंह, और तनुश्री सिंह ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए कार्यक्रम का संचालन अभिषेक भट्ट संयोजन लाल चंद गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन सुभाष गुप्ता द्वारा किया गया।

# शहर में पहली बार समिति के कुंड में विसर्जित हुई दुर्गा प्रतिमा



### रानी दुर्गावती मित्रमंडल ने की नई शुरुआत

जबलपुर। रानी दुर्गावती मित्रमंडल गुलौआ द्वारा स्थापित मा दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन गुलौआ चौक पर ही निर्मित कुंड में किया गया। शहर के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब नो दिन तक भगवती की सेवा के बाद उनका विसर्जन समिति द्वारा निर्मित कुंड में ही किया गया।

प्रतिमाओं के विसर्जन से माँ नर्मदा में बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए प्रशासन ने नर्मदा में प्रतिमा विसर्जन पर प्रतिबंध लगा दिया है। पिछले कुछ वर्षों से प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए ग्वारीघाट और तिलवाराघाट में कुंड बना दिये गए हैं। प्रशासन इन्ही कुंड में प्रतिमाओं का विसर्जन करवाता है।वही इस बार कोरोना गाइड लाइन को देखते हुए प्रतिमा विसर्जन के दौरान निकलने वाले जुलूस पर भी प्रतिबंध रहा। प्रशासन के आदेश और कोरोना गाइड लाइन के नियमों को देखते हुए इस बार रानी दुर्गावती मित्रमंडल समिति गुलौआ चौक ने शहर में नई शुरुआत कर दी है। गुलौआ चौक में ही अस्थाई कुंड का निर्माण किया गया जिसमें समिति और क्षेत्रीय लोगों ने भगवती की प्रतिमा का विसर्जन पूरी भक्ति भावना के साथ किया। दरअसल गुलौआ चौक में मा भगवती की कोरोना मर्दन वाली प्रतिमा स्थापित की गई थी, साथ ही इसी से संबंधित झांकी का निर्माण भी किया गया था। अत: कोरोना गाइड का पूरा पालन करते हुए विसर्जन के लिए जुलूस न निकालकर चौक पर ही कुंड का निर्माण कर विसर्जन किया गया। विदित हो कि हर काम की शुरुआत में कुछ दिक्कतें आती ही हैं। उसी तरह जब समिति ने गुलौआ चौक में कुंड निर्माण कर प्रतिमा विसर्जन का निर्णय लिया तो पुलिस प्रशासन ने आपत्ति की लेकिन जिला प्रशासन ने न सिर्फ सहयोग किया बल्कि इस नई शुरुआत के लिए सहर्ष अनुमति भी दी।

## भगवान श्रीकृष्ण की लीला में जीवन का संदेश : स्वामी सदानंद महाराज

जबलपुर । वृंदावन के भागवत उपासक श्री 1008 स्वामी सदानंद गुरु महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को मानव जीवन का अद्भुत संदेश बताया, उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण को आदर्श मानकर उन्होंने धर्म समाज शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कार्य किया द्य श्री राधा निकुंज विजय नगर में दो दिवसीय श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा पर प्रवचन करते हुए स्वामी जी ने बताया कि भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने उन्होंने मंदिरों के निर्माण पर ध्यान दिया द्य गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौशाला एवं नंदी शाला की स्थापना की द्यवृंदावन सहित देशभर में 35000 पोलियो मरीजों के फ्री ऑपरेशन के साथ की 5000 निर्धन कन्याओं के विवाह 1200 ब्लड डोनेशन कैंप और स्वयं के खर्च पर 71 गौशाला का निर्माण भी कराया द्य यहां प्रवचन के पूर्व स्वामी जी का स्वागत मुख्य यजमान विद्या देवी अग्रवाल अनिल मनीष भावसिंका आदि ने किया। प्रवचन समापन पर भंडारा आयोजित किया गया।

# आज रेल रोको आंदोलन: आरपीएफ एवं जीआरपी अलर्ट



जबलपुर यश भारत। संयुक्त किसान मोर्चा के रेल रोको आंदोलन का जबलपुर एवं आसपास के रेलवे स्टेशनों में सुबह से कोई असर नहीं है। रेल यातायात सुचारू है। इधर, मोर्चा के ऐलान के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत जीआरपी और आरपीएफ सुबह से ही अलर्ट पर है। रेलवे स्टेशन के आसपास ही नहीं, ट्रैक के आसपास भी फोर्स तैनात है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर रेल मंडल में अब तक ट्रेन यातायात पर कोई असर नहीं है। ट्रेनों का संचालन सुचारू है जबलपुर के मुख्य रेलवे स्टेशन मदन महल रेलवे स्टेशन पर भी सुबह से ही फोर्स सतर्क है। उल्लेखनीय है कि लखीमपुर वाली घटना को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आज जगह जगह रेल रोको आंदोलन की चेतावनी दी गई है जिसके चलते सुरक्षा की दृष्टि से किसानों द्वारा रेल रोको आंदोलन को लेकर पुलिस अधीक्षक रेल विनायक वर्मा के निर्देशन पर जीआरपी थाना प्रभारी सुनील नेमाऔर आरपीएफ कमांडेंट के निर्देशन पर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी के जवान सुबह से ही ट्रैक पर डटे हुए हैं। जीआरपी के अनुसार, वह अपनी टीम के साथ सुबह से ट्रैक के आसपास गश्त कर रहे हैं। किसी भी इसके आसपास नहीं भटकने दिया जा रहा। वहीं, एक टुकड़ी को स्टेशन के बाहर तैनात किया गया है। जिससे कि आंदोलनकारियों को बाहर रोका जा सका। इधर, आरपीएफ किसानों के पूर्व घोषित कार्यक्रम को देखते हुए उनकी टीम रात से ही अलर्ट हो गई थी। सभी जवानों को ड्यूटी प्वाइंट निर्धारित कर दिए गए थे। उसी के अनुसार, सुबह से वह मुस्तैद हैं। जानकारी के अनुसारअब तक ट्रेनों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है। वहीं, रेलवे की टीम भी लगातार निगरानी कर रही है। जवाबदेहो द्वारा प्रत्येक ट्रैक की मानिटरिंग की जा रही है। साथ ही स्टेशन के आसपास की गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जा रही है।

### जगह- जगह बल तैनात संयुक्त किसान मोर्चा ने सिहोरा रेलवे स्टेशन में एसडीएम को ज्ञापन

### सिहोरा रेलवे स्टेशन में दिया जाएगा ज्ञापन

संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा रेल रोको आंदोलन को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से आरपीएफ एवं जीआरपी अलर्ट मोड़ पर है जिससे कि कहीं कोई अप्रिय वारदात ना हो जगह जगह फोर्स को तैनात किया गया है वही जानकारी के अनुसार आज शाम सिहोरा रेलवे स्टेशन में संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में लखीमपुर की घटना को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा समाचार लिखे जाने तक कहीं भी कोई अपनी घटना घटित होने की खबर नहीं है।

# दो सगे भाईयों ने किया था शेरखान का मर्डर



### पुलिस ने सोनू को दबोचा, मोनू को गिरफ्तार करने परिजनों पर दबाव, जल्द पकड़ा जाएगा आरोपी

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर में लोडिंग वाहन ड्राइवर की पार्किंग विवाद जैसी छोटी सी झड़प में दो भाइयों ने चाकू मार कर हत्या कर दी। गोहलपुर पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरे आरोपी को दबोचने पुलिस परिवार वालों पर दबाव डाल रही है, इतना ही नहीं आरोपी के सभी रिश्तेदारों और परिचितों से पूछताछ जारी है। कयाश लगाए जा रहे है कि जल्द ही पुलिस आरोपी को दबोच लेगी। गोहलपुर टीआई अरविंद चौबे के मुताबिक सुब्बाशाह मदार छल्ला निवासी शेरखान उर्फ कुन्नू (30) लोडिंग वाहन एमपी 20 एलए 7805 चलाता था। वह रद्दी चौकी में खंडेलवाल फर्नीचर के सामने लोडिंग वाहन लगाता था। यहां से बिकने वाले फर्नीचर को पहुंचाने की बुकिंग करता था। शाम करीब 5.15 बजे वह लोडिंग वाहन लेकर दुकान के सामने पहुंचा था। लोडिंग पार्क कर रहा था, तभी लकड़गंज निवासी सोनू खान व मोनू खान अपना लोडिंग लेकर पहुंचे और पार्किंग को लेकर कहासुनी होने लगी। इसी दौरान दोनों भाइयों से शेरखान की हाथापाई होने लगी। जिसके बाद मोनू खान ने चाकू से शेरखान के छाती पर वार कर दिया। एक ही वार में वह छाती पकड़ कर वहीं गिर पड़ा। जिसकी दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने आरोपी सगे भाईयों में से सोनू खान को दबोच लिया, जबकि मोनू की तलाश जारी है।

# रेल मंडल में शुरू होगा इंटीग्रेटेड ब्लॉक का कल्चर

जबलपुर। रेल खंडों में लिए जाने वाले इंटीग्रेटेड ब्लॉक का कल्चर अब जबलपुर मंडल में शुरू किया जाना चाहिए, जिससे कि पटरियों पर दौड़ने वाली ट्रेनों को रोक कर किए जाने वाले कार्य के समय में रेलवे के सभी विभाग अपना अपना काम निर्धारित समय में मुस्तैदी के साथ मिलकर कर सकें और रेल का संचालन पुन: सुचारू रूप से हो सके। इस बात पर पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने जोर दिया। दरअसल जबलपुर से इटारसी के बीच अपने रियर विंडो इंस्पेक्शन के दौरान उन्होंने मंडल के अधिकारियों से इंटीग्रेटेड ब्लॉक का कल्चर जबलपुर रेल मंडल में शुरू करने की बात कहीं। श्री गुप्ता ने सभी विभागों और मंडल के कार्यों की समीक्षा करते हुए इसमें और गति लाने के लिए विशेष जोर दिया। श्री गुप्ता ने रेलवे के एसिट फेलियर को कम करने के लिए भी कार्य करने की बात कही। इसके साथ ही श्री गुप्ता ने कहा कि ट्रैक पर काम करने वाले सभी फील्ड स्टाफ ट्रैक मैन, पीडब्ल्यूआई को सुरक्षा के तमाम उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, जिससे कि वे किसी भी अप्रत्याशित दुर्घटना से बच सकें। उन्होंने कहा कि ट्रैक पर काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्हें रेलवे द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले उपकरण को समय पर देने और उच्च गुणवत्ता वाले उपकरण के उपयोग पर बहुत जोर दिया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास वरिष्ठ मंडल अभियंता जेपी सिंह के साथ ही वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल दूरसंचार अभियंता विराट गुप्ता, एवं वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता टी आर एस आशुतोष पांडे भी उपस्थित थे।

## अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू मेजबान टीम की घोषणा

जबलपुर। जबलपुर संभाग की क्रिकेट संघ के तत्वावधान में अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आज से एमपीसीए ग्राउंड नीमखेड़ा में आयोजित किया जा रहा है । पहला मैच सिवनी जिला व कटनी जिला के मध्य एवं नरसिंहपुर डिंडोरी के मध्य खेला जा रहा है। जिसके लिए अंतर जिला संभावित खिलाड़ियों के नाम जबलपुर के इस प्रकार हैं चिराग राजपूत जल जत्रिपाठी अजिंक्य मुले अंबर शर्मा यश यादव आदित्य मिश्रा अमित राजपूत यश जावलकर साहिल खान आरव शर्मा स्वास्थ्य क गुप्ता यशवर्धन जैन यश पांडे शुभांग पांडे धनंजय महोबिया समर्थ पटेल वरुण तिवारी अभिषेक यादव अविष्कार सिंह परिहार जगजोत अलंकृत सिंह आर्यन रघुवंशी मनु महावर शिवा पटेल यश हौंड साकेत ढोसर अभिषेक चतुर्वेदी गगन बर्मन नितिन ठाकुर विनायक शर्मा निखिल पटेल समर्थ पटेल मनप्रीत सिंह समर्थ जैन वेदांत चौक से कार्तिक भूरा समर्थ तिवारी प्रबुद्ध डांगी यह सभी खिलाड़ी शाम 4 बजे अपना आधार कार्ड वह जन्म प्रमाण पत्र व वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट लेकर रानीताल क्रिकेट मैदान पर पहुंचेंगे सचिव धर्मेंद्र पटेल व शशांक कोस्टा से संपर्क कर सकते हैं।

# महाराजा अजमीढ़ देव जी की जयंती कल

जबलपुर। स्वर्णकार समाज की अध्यक्ष एड. सुनील सोनी एवं महिला अध्यक्ष अंजना सराफ की बताया कि स्वर्णकार समाज के अराध्य देव श्री महाराज अजमीढ़ देव जी की जयंती का कार्यक्रम 19 अक्टूबर को उखरी रोड स्थित अग्रवाल बारात घर में रात्रि 8.00 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत मेंहदी प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, सलाद मैजिक, केटवॉक, प्रतियोगिताओं के साथ-साथ बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी इस अवसर पर समाज के बुजुर्ग एवं आमंत्रित अतिथियों का सम्मान किया जायेगा। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कार दिया जायेगा । स्वर्णकार समाज के राजेन्द्र सराफ, सुशील चांदनी, महेन्द्र छनिया, संतोष सोनी, राजश्री नरवरिया, गीता सोनी, कामिनी सोनी, राजश्री सोनी, प्रिया सोनी एवं प्रतिष्ठा सोनी समाज के अधिक से अधिक संख्या की उपस्थिति की अपील की है।

# जश्न-ए-ईद मील पर मस्जिदों में की गई शानदार सजावट

जबलपुर। पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के योमे विलादत जन्मोत्सव जश्न-ए-ईद मीलादुन्नबी के मुबारक मौके पर मस्जिदों में शानदार सजावट की गई है। मुस्लिम बहुल क्षेत्र की गलियों व घरों में सजावट की गई है। सड़कों पर रंग के बैनर एवं मुंडे लगाए गए हैं। नालबंद मोहल्ला, मछली मार्केट, चार खंभा , गोहलपुर, मोतीनाला , अनवरगंज, ओमती ,नया मोहल्ला में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है। शहर, रामपुर गोरखपुर तथा गढ़ा की मुस्लिम बस्तियों भी शानदार सजावट नजर आ रही है।

# जुलाई के डीए एवं तीन किस्तों के एरियर की मांग


## भावना एसोसिएशन ने कहा-सरकार दीपावली पूर्व घोषणा करे

जबलपुर यशभारत। भारत सरकार ने कोरोना महामारी को आधार बनाकर कर्मचारियों और पेंशनरों के तीन किश्तों को डेढ़ साल तक रोके रखने के बाद जुलाई में बिना एरियर्स के जारी कर दिया।लेकिन जुलाई माह से लागू होने वाली किश्त की अब तक कोई घोषणा नहीं की है।जबकि दीपावली पर्व सामने आ गया है।जो सबसे ज्यादा खर्चीला पर्व है।अब तक जुलाई की किश्त घोषित नहीं किये जाने से कर्मचारियों और पेंशनरों मे प्रतीक्षा और आक्रोश व्याप्त है।भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के अध्यक्ष आर एस तिवारी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि कार्यरत एवं सेवानिवृत केंद्रीय कर्मचारियों के जनवरी 20 से जनवरी 21 तक की 3 किस्तों के महंगाई भत्ते के एरियर एवं जुलाई 21 की बढ़ी महंगाई भत्ते की किस्त केंद्र सरकार शीघ्र ही घोषित कर आगामी दीपावली के पूर्व एरियर का भुगतान करें। ताकि कार्यरतएवं सेवानिवृत केंद्रीय कर्मचारी एवं उनके परिवार के लोग दीपावली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मना सकें । डीए की किश्त जारी करने से बाजारों में भी रौनक होगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी ।एसोसिएशन के अध्यक्ष आर एस तिवारी डीके सिंह हरजीवन विश्वकर्मा डीके चौधरी एच एल जागडेअर्जुन कुमार टीके राय घटक आर बी शाह एसके श्रीवास्तव नंदलाल कोस्टा लखन लाल प्रजापति शंकरलाल विनोदिया नारायण प्रसाद दाहिया रमाकांत कटिहार हरी सिंह केदार दुबे विनायक राव सोरते दिनेश चौरे आरआर दुबे अब्दुल रहमान नरसिंह सोनकर प्रीतम यादव नंदकिशोर सोनकर एसआर तिवारी राम गोविंद पांडे एमपी सिंह घनश्याम सोनकर आदि ने दीपावली के पूर्व एरियर्स को शीघ्र देने की मांग का समर्थन करते हुए शीघ्र भुगतान की अपील सरकार से की है।

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

जबलपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय बरगी नगर में सत्र 2022-23 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा में कक्षा पाँचवी में अध्ययनत छात्रों से ऑनलाइन आवेदन पत्र 30 नवम्बर तक आमंत्रित हैं। प्राचार्य के.जी. मल्लिकार्जन ने बताया कि कक्षा पाँचवी में अध्ययनत ऐसे छात्र जिनकी जन्मतिथि एक मई 2009 से 30 अप्रैल 2013 के मध्य है। केवल वे ही छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की व ेबसाइट 222.navodaya.gov.in पर ऑनलाइन किया जा सकता है।

# आरोग्य को सुधारो तो वैराग्य मिल जाएगा: आचार्य विद्यासागर जी महाराज



जबलपुर। आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने कहा कि अपने आरोग्य को सुधारो तो वैराग्य भी मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कॉल में बहुत से रोगों का विस्तार हो रहा है और कुछ रोग हमारे देश में सबसे ज्यादा पाए जाते हैं इस रोग को मधुमेह , शुगर - डायबिटीज की बीमारी कहते हैं ।अनेक चिकित्सकों ने मुझे बताया है कि इस रोग का पूर्ण निदान तो नहीं है, किंतु चिकित्सा पूरे समय की जानी चाहिए ।जापान के कई वैज्ञानिकों ने इस बीमारी पर शोध करके बताया है कि उपवास से इस बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। आचार्य समद्रभक्त स्वामी द्वारा लिखित श्रावकाचार ग्रंथ में भी उपवास का महत्व बताया गया है, अभ्यास के तौर पर सप्तमी के दिन और नवमी के दिन एक आसन यानी एक समय भोजन किया जा सकता है, अष्टमी के दिन उपवास रखना चाहिए, उस दिन केवल पानी पिया जा सकता है , यह तीन दिन एक साथ मिलकर के स्वास्थ्य के लिए हितकर होते हैं , यह हमारे ग्रंथों में भी लिखा है और वैज्ञानिक शोधों से भी साबित हो रहा है अब यह आप पर है कि आपको किस पर विश्वास , वही पालन करें , हमारे आचार्यो ने तो पहले ही यह शोध लिख चुके है। आज आप लोग सिर्फ पैसा कमाने के लिए व्यवसाय में लगे रहते है, अपने आप को निरोग बनाने के प्रति सचेत रहना चाहिए, यह सोचने वाली बात है कि भारत में ऐसा क्यों हो रहा है हमने सैकड़ों वर्षो तक नियमों का पालन किया है और निरोगी भारत रहा है ,आज जिन दवाइयों का सेवन कर रहे हैं उनके साइड इफेक्ट भी हो रहे हैं, यदि आप निरोगी रहना चाहते हैं तो सप्तमी और नवमी को एक आसन करें और अष्टमी का उपवास लेकिन किसी भी दिन ज्यादा भोजन ना करें , आप शास्त्र-ग्रंथों पर विश्वास रखे , हमारे यहां चारित्र संहिता में लिखा है की जल उपवास किया जाना चाहिए, जल आहार में नहीं आता नहीं ना ही जल पेय पदार्थ में आता है क्योंकि पेय पदार्थ है दूध, रस, मठा आदि पेय पदार्थ में आते हैं , जल तो जो कुछ खाया पिया है उसे पचाने में अपना योगदान देता है, इसलिए भारतीय पुरातत्व ग्रंथों में आचार्यो ने जो लिखा है उसका पालन किया जाए तो बहुत से रोगों से बचा जा सकता है।

## निविदा आमंत्रण

पं.ल.शं.झा. शा.उ.मा. उत्कृष्ट विद्यालय जबलपुर में दिनांक 21.10.2021 दिन सोमवार को एनसीसी नेवल एवं आर्मी के लगभग 200 कैडेट्स के लिए स्वल्पहार की निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में प्रात: 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक संपर्क करें।

**प्राचार्य, पं.ल.शं.झा.उ.मा.**
**उत्कृष्ट विद्यालय, जबलपुर**

## क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक

डॉ. शंकर हब्लानी बी.डी.एस. (इन्दौर) दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ रेनबो कलर लैब के सामने, सतना बिल्डिंग जबलपुर।

**मो. 9340734722, 8989804354**

विशेषतायें- रूट कैनाल ट्रीटमेन्ट, फिक्स दांत- सिरेनिक, दांतो की सफाई, बत्तीसी, पायरिया इलाज, फिक्स ब्रेसेस



# फोटो मिलान कर तय हो रही किसान सम्मान निधि की पात्रता

**भोपाल ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अपात्रों के शामिल होने के मामलों को देखते हुए सरकार फोटो मिलान करके पात्रता तय कर रही है। योजना में शामिल व्यक्ति वास्तव में किसान है या नहीं, इसके लिए भू-अभिलेख पोर्टल से भूमि संबंधी सत्यापन भी कराया जा रहा है। दरअसल, पिछले दिनों प्रदेश के ढाई लाख किसानों के अपात्र होने की बात सामने आई है। इनका परीक्षण करके राशि वापस लेने की कार्रवाई की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना प्रारंभ की है। इसमें छह हजार रुपये सालाना तीन किस्तों में सीधे किसान के खाते में अंतरित किए जाते हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस योजना को और विस्तार देते हुए चार हजार रुपये दो किस्तों में राज्य की ओर से देने की मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना प्रारंभ की है। इसमें किसानों के फोटो लेने का प्रविधान रखा गया है, जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में नहीं है। प्रदेश में योजना में लाभांवित होने वाले किसान भी वही हैं, जो केंद्र सरकार की योजना के दायरे में हैं। इस व्यवस्था से किसानों की पात्रता भी तय हो रही है। केंद्र सरकार ने कुछ समय पहले किसान द्वारा स्वयं पंजीयन कराने की व्यवस्था की थी। इसके आधार पर ही राशि का भुगतान कर दिया जाता था लेकिन अब सत्यापन के लिए प्रकरण राज्य के पास आते हैं और फिर पात्रता होने पर ही उसे योजना का लाभ मिल पाता है। आयुक्त भू-अभिलेख ज्ञानेश्वर पाटील ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा फोटो और भू-अभिलेख से सत्यापन की जो व्यवस्था बनाई है, उससे अपात्रों की पहचान करने में आसानी हुई है। जो अपात्र हैं, उनसे राशि वापस लेने की कार्रवाई चल रही है। जो किसान अपनी पात्रता प्रमाणित कर रहे हैं, उनके प्रकरण पर विचार करके उन्हें फिर योजना के दायरे में लाया जा रहा है। यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है। सर्वाधिक अपात्रता के मामले किसान की मृत्यु से जुड़े हैं। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से सुझाव भेजा जा रहा है कि मृत्यु को अपात्रता की श्रेणी से अलग किया जाना चाहिए। दरअसल, कृषक की मृत्यु होने पर उसकी पत्नी या बच्चे पात्र हो जाते हैं। सामान्यतः मृत्यु होने पर स्वजन इसकी जानकारी देने में लापरवाही बरतते हैं, इसकी वजह से परेशानी होती है।

# भोपाल में लगेंगे वायु प्रदूषण मापने वाले स्टेशन



**भोपाल ।** राजधानी में दो और स्थानों पर वायु की गुणवत्ता पर नजर रखने वाले स्टेशन लगाए जा रहे है। ये सेंसर और उपग्रह आधारित होंगे, जो स्वतः ही हवा में हानिकारकों के स्तर पर नजर रखेंगे। इनके लगने के बाद वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखने में मदद मिल सकेगी। अभी राजधानी में सिर्फ टीटी नगर पुलिस थाना परिसर में ही एकमात्र स्टेशन है। भोपाल का वायु गुणवत्ता सूचकांक हर साल ठंड के दिनों में 300 से 400 के बीच होता है। यह हवा की गंभीर स्थिति को दर्शाता है। सामान्य तौर पर सूचकांक को 50 तक या उससे नीचे होना चाहिए। यह तभी होता है जब हवा में धूल, धुएं के कण और हानिकारक गैसों का मिश्रण न हो। वातावरण में इन तीनों का स्तर हमेशा बना रहता है। बारिश में ये कण असरदार नहीं होते है, इसलिए प्रदूषण का खतरा नहीं होता है। गर्मी में वातावरण पूरी तरह शुष्क हो जाता है इसलिए कण भी अधिक ऊंचाई तक फैल जाते हैं और प्रदूषण का असर नगण्य होता है। विशेषज्ञों के अनुसार ठंड ही एकमात्र ऐसा सीजन है जिसमें हानिकारक कण भारी होकर निचले वायु मंडल में रहते हैं इसके कारण प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। पर्यावरण विभाग की टीम राजधानी भोपाल में वायु प्रदूषण की स्थिति पर लगातार अपनी नजर रखे हुए हैं। इनके स्तर पर नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदूषण की जांच के लिए दो स्टेशनों को स्वीकृति भी इन्हीं प्रयासों के तहत मिली है।

## हमीदिया रोड और गोविंदा क्षेत्र में लगेंगे दो स्टेशन

भोपाल में अभी सात स्थानों पर वायु गुणवत्ता की जांच की जाती है। इनमें से टीटी नगर में हवा की स्वः जांच करने वाला स्टेशन है। जबकि गोविंदपुरा, होशंगाबाद रोड, हमीदिया रोड, कोलार, अरेरा हिल्स, पर्यावरण परिसर में मैनुअली जांची होती है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि एक उपकरण हमीदिया रोड और दूसरा गोविंदपुरा क्षेत्र में लगाया जाएगा।



# आरटीओ मे ंआज से बढ़ी वाहनों के पंजीयन की संख्या

**भोपाल।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में सोमवार से वाहनों का पंजीयन करने का दवाब बढ़ जाएगा। नवरात्र व दशहरा पर बिके वाहनों का पंजीयन कराने के लिए कागजात आने लगेंगे। रोजाना आरटीओ में 200 से 250 वाहनों के पंजयीन होते हैं। त्योहारी सीजन में 300 से 350 प्रतिदिन पंजीयन होने लगते हैं। 100 से 150 तक वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। डीलरों द्वारा शोरूम से बेचे गए वाहनों का ऑनलाइन पंजीयन हो जाता है, लेकिन पंजीयन कार्ड आरटीओ से जारी होती हैं। इसके लिए त्योहारों पर वाहन डीलर आरटीओ को विक्रय करने वाले वाहनों के जरूरी कागजात व वाहन मालिक का वोटर आइडी, आधार कार्ड सहित ऋण की जानकारी उपलब्ध कराने में देरी कर देते हैं। इससे समय पर वाहन मालिकों को पंजीयन कार्ड नहीं मिल पाते हैं। उन्हें वाहन खरीदने के बाद कभी शोरूम तो कभी आरटीओ के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसी को देखते हुए आरटीओ संजय तिवारी ने त्योहारी सीजन आने से पहले वाहन डीलरों को समय पर बेचने वाले वाहनों की जानकारी आरटीओ में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को दशहरा का अवकाश रहा, शनिवार व रविवार को भी अवकाश रहने से आरटीओ नहीं खुला। ऐसे में सोमवार को वाहन डीलर बेचे गए वाहनों के कागजात आरटीओ में जमा कराना शुरू कर देंगे। इससे समय पर आरटीओ की पंजीयन शाखा में वाहनों के पंजीयन कार्ड बन कर वाहन मालिकों को मिल जाएं। साथ ही आरटीओ के पास भी वाहनों की जानकारी रहे कि नवरात्र व दशहरा पर कितन वाहनों की बिक्री हुई।

# मोबाइल एप से जांची जा रही गेहूं की क्वालिटी

**इंदौर।** मोबाइल के जरिये गेहूं की क्वालिटी जांची जा सकती है। ऐग्री लॉजिस्टिक्स कंपनी सोहन लाल कमॉडिटी मैनेजमेंट प्रालि (एसएलसीएम) ने कृषि कमॉडिटी हेतु क्वालिटी चैक मोबाइल ऐप्लीकेशन बनाया है। इंदौर समेत तमाम शहरों में इस एप्लिकेशन को जांचने के लिए बीटा वर्जन आधिकारिक लांच किया गया। प्रारंभिक तौर पर इस एप से गेहूं की गुणवत्ता जांची जा रही है। आगे अन्य तमाम अनाजों को जांचने के फीचर भी शामिल करने का दावा किया जा रहा है। कंपनी ने इंदौर मंडी में मोबाइल एप को प्रयोक्ताओं के फीडबैक और रिव्यू के लिए उपलब्ध कराया है।

# दंपती ने 200 किन्नरों को कराया भोज



**भोपाल।** अमूमन आपने बेटा-बेटी का जन्म होने पर किन्नरों को घरों पर नाचने व गाते देखा होगा, लेकिन शहर के अन्नापूर्णा कॉम्प्लेक्स निवासी दीपक सिंह ठाकुर और उनकी पत्नी आशा ने बेटा होने की खुशी में शहर के अलग-अलग इलाकों में रहने वाले 200 किन्नरों को आमंत्रित किया। उनकी पसंद के पकवान बनवाए और किन्नर गुरुओं का शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया। किन्नरों ने कार्यक्रम में ढोलक बजा कर भजन आए। कार्यक्रम में आए कलाकारों ने कव्वाली की प्रस्तुति दी। गाना-बजाना करके दपंती के सवा महीने के बेटे खुशांक को आशीर्वाद व दुआएं दीं। किन्नर हाजी सुरैया नायक गुरु मंगलवारा और बुधवारा से पूजा नायक सहित अन्य किन्नर खुशी में नृत्य करते हुए दिखे। बेटे को गोद में उठाकर भजनों व गानों पर नृत्य किया। उसे दुलार करके आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम शाम छह बजे शुरू हुआ। रात आठ बजे किन्नर गुरुओं का सम्मान किया गया। इसके बाद भोज हुआ। कार्यक्रम में दंपती के परिवार के सदस्य, रिश्तेदार व आसपास के लोग शामिल हुए। पिता दीपक सिंह ठाकुर बताते हैं कि बेटे-बेटियों की जन्म की खुशी में किन्नर आते हैं। गाना-बजाना करते हैं और जो दान मिलता है, उसे खुशी से ले जाते हैं। कोरोना के कारण किन्नर बेटे के जन्म की खुशी में घर नहीं आए पाए। अभी कोरोना कम हुआ तो सोचा क्यों न ऐसा आयोजन करूं कि किन्नरों को आमंत्रित करके उन्हें भोज दिया जाए। समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनका सम्मान करके प्रदेश व देश में ऐसा अच्छा संदेश दिया जाए। जब यह विचार परिवार के पत्नी आशा व परिवार के सदस्यों को बताया तो सभी ने सहमति जता दी। इसके बाद राजधानी के इतवारा, मंगलवारा, बुधवारा, अहमदपुर सहित अन्य इलाकों में रहने वाले 200 किन्नरों को आमंत्रति किया। वो कार्ड देखकर चकित रह गए। उन्होंने खुशी जताई। कार्यक्रम में सभी आए। किन्नर गुरुओं का सम्मान भी किया। दीपक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर किन्नरों को समाज की मुख्यधारा से जोडना चाहिए।

# 113 करोड़ रुपये से यात्री सुविधाओं का विस्तार करेगा रेलवे



**भोपाल ।** भोपाल रेल मंडल समेत पश्चिम-मध्य रेलवे के स्टेशनों पर 113 करोड़ से यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। यह राशि अगले पांच साल में खर्च की जाएगी। इस राशि की आवक रेलवे ने गैर-जरूरी और खराब हो चुके कलपुर्जों को बेचकर अर्जित की है, जिसमें भोपाल रेल मंडल का भी हिस्सा है। इस राशि से स्टेशनों पर प्लेटफार्मों का विकास किया जाएगा। नए फुटओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। पेयजल आपूर्ति को और बेहतर बनाया जाएगा। स्टेशनों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिन रेल मार्गों पर अभी सिंगल लाइन है, वहां दोहरीकरण होगा। तीसरी रेल लाइन का बचा काम तेजी से किया जाएगा।

## तीनों रेल मंडलों ने की है कमाई

बता दें कि पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल, जबलपुर, कोटा रेल मंडल ने पुराने कोच, रेल इंजन, पटरियां और उनसे निकले उपयोगविहीन कल-पुर्जों (स्क्रैप) को बेचकर 113 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह कमाई बीते एक साल में की है। पश्चिम-मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता राहुल जयपुरिया ने बताया कि तीनों मंडलों से 26 हजार 281 मीट्रिक टन स्क्रैप बेचा गया है। इसमें मालगाड़ियों के 87 डिब्बे, सात रेल इंजन, 19 यात्री कोच, 11 हजार 178 मीट्रिक टन खराब रेल पटरियों समेत अन्य स्क्रैप शामिल है। जोन के महाप्रबंधक रेल सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि स्क्रैप का निपटान करने से रेलवे की जमीन खाली हुई है, जहां पौधे लगाए जा रहे हैं। गार्डन विकसित करने की योजना है। जरूरत के हिसाब से भवनों का निर्माण किया जाएगा। जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिग अपनाएंगे। रेलवे की जमीन पर डैम बनाकर बारिश के पानी को सहेजेंगे। ट्रेन परिचालन में आधुनिक तकनीकी का उपयोग करेंगे। साथ ही ट्रेनों में जर्मन कंपनी लिंक हॉफमैन बुश के तकनीकी सहयोग से बनने वाले एलएचबी कोचों का उपयोग बढ़ाएंगे।

# लंच के बाद ओपीडी में नहीं मिलते डॉक्टर

## परेशान हो रहे मरीज




**भोपाल ।** जेपी अस्पताल में ओपीडी का समय भले ही राज्यों में सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक है, लेकिन हकीकत यह है कि दोपहर में लंच के बाद यहां बहुत ही कम डॉक्टर ओपीडी में आते हैं। इस वजह से मरीजों को बहुत परेशानी हो रही है। मरीज दो से तीन घंटे तक इलाज के इंतजार में बैठे रहते हैं। इसके बाद भी जब डॉक्टरों के कक्ष के ताले बंद होने लगते हैं तो वह चले जाते हैं। दरअसल कोरोना संक्रमण के दौरान ओपीडी में मरीज कमा रहे थे। डॉक्टरों की ड्यूटी में कोरोना से संबंधित दूसरे-दूसरे कामों में लगी थी। दूसरी बात यह है कि संक्रमण काल के चलते करीब साल भर से अस्पताल की ओपीडी में किसी मंत्री या अफसर का निरीक्षण भी नहीं हुआ है, इस कारण भी ढिलाई शुरू हो गई है। जेपी अस्पताल की नई ओपीडी में गुरुवार दोपहर 3 बजे सिर्फ नेत्र विभाग में एक चिकित्सक मौजूद थीं। बाकी सभी विभाग में कोई डॉक्टर नहीं था। मेडिसिन विभाग में तो किसी भी डॉक्टर का कक्ष ही खुला हुआ नहीं था। हड्डी रोग विभाग में डॉ वाय पी पटेल के कमरे के बाहर चरबमरीज दिखाने के लिए इंतजार कर रहे थे। दंत चिकित्सा विभाग में भी कोई चिकित्सक नहीं था, डॉ नीलिमा सोनी और डॉ निर्मला दुबे के कक्ष खुले हुए थे लेकिन ओपीडी में दोनों चिकित्सक नहीं थी। नीलमा सोनी के कक्ष के बाहर बैठी अटेंडेंस ने बताया कि वह अभी चली गई है। बता दें कि ओपीडी कसम है सुबह 9 से 1:30 बजे तक है। 1:30 से 2:15 तक लंच के बाद फिर 4:00 बजे तक ओपीडी है। हालत यह है कि यह लंच के बाद बहुत ही कम डॉक्टर ओपीडी में मिलते हैं।

# बारिश के कारण कम हुआ वायु प्रदूषण



**भोपाल ।** भोपाल समेत प्रदेश भर में हो रही बारिश के कारण वायु प्रदूषण से लोगों को बड़ी राहत मिल गई है। वातावरण में धूल, गैस और धुएं के हानिकारक कणों का स्तर घट गया है। भोपाल शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 170 से घटकर सोमवार सुबह 63 पर आ गया है। इंदौर, ग्वालियर व जबलपुर समेत दूसरे शहरों के सूचकांक में भी गिरावट दर्ज की है। दो दिन पहले तक धूल, धुएं और गैसों के कणों का स्तर 250 से 400 तक पहुंच गया था, जिसके कारण सूचकांक में तेजी से बढ़ोतरी हो रही थी। आमतौर पर सूचकांक 50 तक या उससे नीचे होता है तब हवा की सेहत अच्छी मानी जाती है। बारिश एक-दो दिन तक और होने की संभावना है तब तक लोगों को वायु प्रदूषण से राहत मिलती रहेगी। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश में धूल नहीं उड़ती। हानिकारक गैसों के कण बारिश की बूंदो के साथ काफी हद तक निष्क्रिय हो जाते हैं। वाहनों से निकलने वाले धुएं का भी प्रभाव न के बराबर होता है। इस तरह वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले सभी कारक निष्क्रिय होते हैं। वायु प्रदूषण की स्थिति नहीं बनती है। बता दें कि पिछले 15 दिनों से वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार बढ़ रहा था। जिसकी वजह खराब व कच्ची सड़कें, जगह-जगह चल रहे निर्माण कार्य, पुराने वाहनों का धुआं और विभिन्न प्रकार की हानिकारक गैसों का मिश्रण था। विशेषज्ञों की माने तो इनमें सबसे प्रभावी कारण शहर की सड़कों पर उड़ने वाली धूल थी जो कि बारिश के कारण नहीं उड़ रही है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के टीटी नगर आटोमेटिक वायु गुणवत्ता स्टेशन से लिए गए आंकड़ों के मुताबिक सोमवार सुबह दस बजे पीएम 2.5 का स्तर 84, पीएम 10 का स्तर 112 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर दर्ज हुआ है। 17 अक्टूबर की सुबह दस बजे के करीब इसी टीटी नगर क्षेत्र में पीएम 2.5 का स्तर 363 और पीएम 10 का स्तर 415 दर्ज किया था। ये धूल, धुआं और हानिकारक गैसीय मिश्रण वाले कण होते हैं जिनका सामान्य स्तर क्रमशः 60 और 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर होना चाहिए, जो कई गुणा बढ़ गया था। ठंड के दिनों में अक्सर इनका स्तर बढ़ जाता है क्योंकि ये कण आद्रता वाले मौसम में नमी पाकर भारी हो जाते हैं और निचले वायु मंडल में रहते हैं। इस तरह की स्थिति से अगले एक-दो दिन राहत बनी रहेगी जो आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होगा।



# भोपाल का मौसम खराब तीन उड़ाने इंदौर डायवर्ट

**भोपाल ।** राजधानी में देर रात को हुई तेज़ बारिश के कारण सुबह के समय फलक पर कोहरा छाया रहा। सोमवार को सुबह हवाई यातायात प्रभावित हुआ। राजा भोज एयरपोर्ट पर तीन उड़ाने समय पर लेंड नहीं हो सकी। उड़ानों को इंदौर डायवर्ट करना पड़ा। कोहरे और और कम दृश्यता के कारण एयर इंडिया की सुबह की दिल्ली व मुंबई उड़ानों को एयर ट्रेफिक कंट्रोल रूम ने लैंड होने की अनुमति नहीं दी। दोनों दोनों को सीधे इंदौर डायवर्ट कर दिया गया। वहीं इंडिगो की मुंबई उड़ान को भी लैंड होने की अनुमति नहीं मिली। इस उड़ान को भी इंदौर भेज दिया गया। एक साथ तीन उन्होंने डाइवर्ट होने से यात्रियों को परेशान होना पड़ा। एयरपोर्ट पर यात्री उड़ान आने का इंतजार करते नजर आए। दिल्ली और मुंबई जाने वाल यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। बारिश के कारण रनवे के कुछ हिस्से पर भी पानी जमा हो गया इस कारण उड़ानों पर कोई असर नहीं पड़ा पानी को समय पर निकाल लिया गया था।


## देर रात को झमाझम बारिश के बाद बिजली गुल

देर रात को झमाझम बारिश हुई है। कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। संत हिरदाराम नगर में कई कालोनियों में स्ट्रीट लाइट बंद हो गई। एलईडी लैंप रात भर बंद रहे। बारिश के कारण कुछ इलाकों में पानी जमा हो गया नगर निगम अमले ने सुबह पानी निकाला। बारिश के करण बिजली गुल होने से नागरिकों को परेशान होना पड़ा। कई कॉलोनी में सुबह बिजली शुरू हुई। नागरीकों ने बिजली गुल होने की शिकायत देर रात को ही कॉल सेंटर पर कर दे इसके बावजूद देर से बिजली चालू हुई।

# उपचुनाव जीतने के लिए बीजेपी लगा रही एड़ी-चोटी का जोर



**भोपाल।** किला फतह करने के लिए बीजेपी एडी-चोटी का जोर लगा रही है. पार्टी रोज नए-नए प्लान तैयार कर रही है. इसी कड़ी में उसने अब 'दीपक से कमल' नया प्लान तैयार किया है. रविवार को हुई बीजेपी चुनाव प्रबंध समिति की बैठक में बीजेपी ने इस प्लान को अमली जामा पहनाने का खाका तैयार किया. इसके तहत बीजेपी 21 अक्टूबर को उपचुनाव वाले सभी 3067 बूथों पर जनसंघ का स्थापना दिवस मनाएगी. इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इन कार्यक्रमों की थीम 'दीपक से कमल' या 'जनसंघ से भाजपा' होगी. जनसंघ का चुनाव चिन्ह कभी दीपक हुआ करता था, जबकि बीजेपी का चुनाव चिन्ह कमल का फूल है बीजेपी के इस प्लान के बारे में चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 21 अक्टूबर को जनसंघ के स्थापना दिवस पर सभी बूथों पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान और विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा. गोष्ठियों का विषय जनसंघ से भाजपा तक पार्टी की यात्रा और वे मुद्दे होंगे जिनके लिए जनसंघ की स्थापना की गई थी. 'दीपक से कमल' तक की पार्टी की यात्रा के प्रतीक के रूप में हर बूथ पर कमल की आकृति बनाई जाएगी. उसके ऊपर दीपक रखा जाएगामंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि महिला मोर्चा हर मंडल में स्व-सहायता समूहों के सम्मेलन आयोजित करेगा. इनमें प्रदेश सरकार के उन कदमों की जानकारी दी जाएगी जो स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए उठाए गए हैं. इसके अलावा पार्टी के अन्य सभी मोर्चे बूथ स्तर तक कार्यक्रम करेंगे. इन कार्यक्रमों के माध्यम से सभी वर्ग के लोगों को सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारी दी जाएगी भारतीय जनता पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक भूपेंद्र सिंह ने कांग्रेस के चुनाव प्रचार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा है कि कांग्रेस जाति के आधार पर वोट मांगती है. उसके पास कोई मुद्दा नहीं बचा. बीजेपी विकास के नाम पर चुनाव लड़ती है. नगरीय विकास एवं आवास मंत्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस का तो मुद्दा ही जातिवाद है. सिंह ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के चुनाव प्रचार को भी निशाने पर लिया. उन्होंने कहा कि ये सब जानते हैं कि कमलनाथ प्रचार के लिए एक ही दिन जाते हैं. आगे भी उसी तरह ही जाएंगे. जबकि, बीजेपी कार्यालय में रोज चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक होती है. गौरतलब है कि सिंह इससे पहले भी कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और कांग्रेस पर निशाना साध चुके हैं।







# भारतीय जर्सी में लंबे समय बाद नजर आए महेंद्र सिंह धोनी



भारत को तीन विश्व कप दिलाने वाले पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी भारतीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं। अपनी कप्तानी में टी-20 विश्व कप का पहला सीजन जीतने वाले धोनी इस बार अलग भूमिका में टीम के साथ जुड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के साथ बतौर मेंटर जुड़े हैं।

## अभ्यास मैच से एक दिन पहले टीम के साथ जुड़े





टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 24 अक्तूबर से पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। लेकिन उससे पहले उसे सोमवार से शुरू हो रहे दो अभ्यास मैचों में अपनी ताकत और तैयारी को परखना है। उधर भारत को तीन विश्व कप दिलाने वाले पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी भारतीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं। अपनी कप्तानी में टी-20 विश्व कप का पहला सीजन जीतने वाले धोनी इस बार अलग भूमिका में टीम के साथ जुड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के साथ बतौर मेंटर जुड़े हैं। वह रविवार को टीम के साथ अभ्यास सत्र में जुड़े और इस दौरान लंबे समय बाद भारतीय जर्सी में नजर आए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर धोनी की दो तस्वीरें शेयर कर उनका स्वागत किया। बीसीसीआई ने लिखा, राजा का बहुत गर्मजोशी से स्वागत इस तस्वीर में धोनी के साथ भारतीय टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री और सभी सहायक कोच भी नजर आए। तस्वीर में धोनी शॉट लगाने का एक्शन करते दिखे। धोनी ने हाल ही में संपन्न हुए आईपीएल के 14वें सीजन का खिताब अपने नाम किया और इसी के साथ चेन्नई सुपर किंग्स को चौथी बार चैंपियन बनाया। उन्हें पिछले महीने ही भारतीय टीम में नई जिम्मेदारी सौंपी गई।

# स्कॉटलैंड ने किया बड़ा उलटफेर बांग्लादेश को 6 रनों से हराया



स्कॉटलैंड ने टी-20 वर्ल्डकप 2021 के क्वालीफाइंग राउंड में बड़ा उलटफेर करते हुए बांग्लादेश को 6 रनों से हरा दिया। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 140 रन बनाए थे, जिसके जवाब में बांग्लादेश की टीम सिर्फ 134 रन ही बना पाई। बांग्लादेश आईसीसी टी-20 रैंकिंग में छठवें स्थान पर है, जबकि स्कॉटलैंड 14वें स्थान पर है। इसी बांग्लादेश की टीम ने कुछ महीने पहले न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज जैसी टीमों को हराया था। इस मैच में स्कॉटलैंड के लिए क्रिस ग्रीव्स ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले 28 गेंदों में 45 रन बनाकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया और फिर दो विकेट लेकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर स्कॉटलैंड को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था। स्कॉटलैंड के लिए क्रिस गीव्स ने सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। उन्होंने 28 गेंदों में दो छक्के और चार चौके लगाए। मुंशी 29 और मार्क वाट के 22 रनों की बदौलत स्कॉटलैंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 140 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए मेंहदी हसन ने चार ओवरों में 19 रन देकर तीन विकेट निकाले। वहीं शाकिब अल हसन और मुस्तफिजुर रहमान को दो-दो विकेट मिले।

### 134 रन पर सिमटी बांग्लादेश की पारी

अल अमीरात की यह पिच बल्लेबाजी के लिए ज्यादा मुश्किल नहीं थी और मैदान भी छोटा था। ऐसे में इस पिच पर 160 रन आसानी से बनाए जा सकते थे। हालांकि बांग्लादेश की टीम 140 रन भी नहीं बना पाई। सौम्य सरकार और लिटिन दास खराब शॉट खेलकर शुरुआत में ही आउट हो गए। इसके बाद शाकिब और मुश्फिकुर ने पारी को संभाला पर क्रिस ग्रीव्स ने इन दोनों को आउट कर अपनी टीम को मैच में वापस ला दिया। इसके बाद अफिफ हुसैन और महमुदुल्लाह ने मैच पलटने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए। मेंहदी हसन ने आखिरी ओवर में 17 रन बटोरे पर अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

# पृथ्वी शॉ ने खरीदी चमचमाती बीएमडब्ल्यू

भारतीय सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने आईपीएल 2021 की समाप्ति के बाद खुद को एक शानदार गिफ्ट सौंपी है। 21 वर्षीय युवा बल्लेबाज ने रविवार को अपने नए कार की तस्वीर साझा करते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नई बीएमडब्ल्यू कार की तस्वीर शेयर की। इसके साथ ही उन्होंने अपने दिल की बात भी की। अपने पिता पंकज शॉ के साथ पृथ्वी ने नई कार की तस्वीर साझा की और कैप्शन में लिखा, %नीचे से शुरू करते हुए हम आज यहां। पृथ्वी का करियर हालांकि अभी छोटा है, लेकिन इस दौरान उन्होंने कई उपलब्धियां अपने नाम की हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पहचान भी बना ली है। शॉ का आक्रामक अंदाज और तेजी से रन बनाने की क्षमता ने उन्हें भारतीय टीम में जगह बनाने में मदद की। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में कठिन परिस्थितियों से निकलकर अपने प्रदर्शन से छाप छोड़ी। शॉ की कप्तानी में भारतीय टीम ने अंडर-19 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। शॉ पहले और इकलौते बल्लेबाज हैं जिन्होंने रणजी, दलीप ट्रॉफी और टेस्ट डेब्यू में शतक जमाया है। हालांकि इसके बाद उन्हें कई चुनौतियों का सामना भी करना पड़ा लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की। उन्होंने हाल ही में आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से शानदार बल्लेबाजी की और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।




# राष्ट्रगान सुन भावुक हो गए पापुआ न्यू गिनी टीम के खिलाड़ी



टी-20 वर्ल्डकप की शुरुआत हो चुकी है और इस टूर्नामेंट का पहला मैच ओमान में खेला गया। इस दौरान अपना पहला वर्ल्डकप खेल रही पापुआ न्यू गिनी टीम के खिलाड़ी भावुक हो गए। पहले मैच में ओमान के खिलाफ पापुआ न्यू गिनी की टीम मैदान में उतरी तो अपना राष्ट्रगान सुनते ही इस टीम के खिलाड़ी भावुक हो गए। यह टीम पहली बार वर्ल्डकप खेल रही है। पापुआ न्यू गिनी ने साल 2015 में क्रिकेट खेलना शुरू किया है और अक्सर छोटी टीमों के खिलाफ ही मैच खेलती है। पहली बार यह टीम बड़े मंच पर क्रिकेट खेल रही है। इसी वजह से खिलाड़ी अपना राष्ट्रगान सुनकर भावुक हो गए थे।पापुआ न्यू गिनी के खिलाड़ियों के रोने की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। लोग इस फोटो को देखकर तारीफ कर रहे हैं। नए देशों को अच्छा करते देख सभी फैंस को अच्छा लग रहा है।

# कोहली और गेल तोड़ देंगे ! जयवर्धने का सात साल पुराना रिकॉर्ड



विराट कोहली टी20 विश्व कप के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में भारतीय टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान कर चुके हैं। ऐसे में वह इस वैश्विक टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। वह टीम को अपनी कप्तानी में आईसीसी का पहला खिताब तो दिलाना चाहेंगे साथ ही विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाकर महेला जयवर्धने का सात साल पुराना रिकॉर्ड भी ध्वस्त करना चाहेंगे। उनके अलावा वेस्टइंडीज के क्रिस गेल भी यह रिकॉर्ड अपने नाम करना चाहेंगे। कोहली इस रिकॉर्ड से 240 रन दूर हैं। उन्होंने अभी तक 16 मैचों में 86.33 की औसत और 133.04 की स्ट्राइकरेट से 777 रन बनाए हैं।

### विश्व कप के सात शतकवीर

खिलाड़ी टीम बनाम स्कोर वर्ष/मैदान
क्रिस गेल वेस्टइंडीज दक्षिण अफ्रीका
117 2007/जोहानिसबर्ग
सुरेश रैना भारत दक्षिण अफ्रीका 101 2010/ग्रोस आइलेट
महेला जयवर्धने श्रीलंका जिंबाब्वे 100 2010/पोविडेंस
ब्रेंडन मैकुलम न्यूजीलैंड बांग्लादेश 123 2012/पल्लीकेल
एलेक्स हेल्स इंग्लैंड श्रीलंका 116 * 2014/चटगाव
अहमद शहजाद पाकिस्तान बांग्लादेश 111 * 2014/ढाका
तमीम इकबाल बांग्लादेश ओमान 103 * 2016/धर्मशाला
क्रिस गेल वेस्टइंडीज इंग्लैंड 100 * 2016/मुंबई

### विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले पांच खिलाड़ी

| खिलाड़ी | टीम | रन | मैच | औसत | स्ट्राइकरेट | 100/50 | 4/6 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| महेला जयवर्धने | श्रीलंका | 1016 | 31 | 39.07 | 134.74 | 01/06 | 111/25 | |
| क्रिस गेल | वेस्टइंडीज | 920 | 28 | 40.00 | 146.73 | 02/07 | 75/60 | |
| तिलकरत्ने दिलशान | श्रीलंका | 897 | 35 | 30.93 | 124.06 | 00/06 | 101/20 | |
| विराट कोहली | भारत | 777 | 16 | 86.33 | 133.04 | 00/09 | 73/19 | |
| एबी डीविलियर्स | दक्षिण अफ्रीका | | 717 | 30 | 29.87 | 143.40 | 00/05 | 51/30 |

### शतक के बावजूद हारा वेस्टइंडीज

आठ जो शतक लगे उनमें से सिर्फ एक बार ऐसा हुआ है जब शतकीय पारी खेलने के बावजूद टीम नहीं जीत पाई। ऐसा पहले ही विश्व कप में वेस्टइंडीज के साथ हुआ। क्रिस गेल (117) इस वैश्विक टूर्नामेंट में शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बने पर उनकी टीम दक्षिण अफ्रीका से 14 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हार गई। वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 205 रन बनाए जिसे अफ्रीका ने 17.4 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया।

# पंत थोड़ा प्रिडिक्टेबल

## भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर बोले भारतीय फैंस



आईसीसी टी-20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच छह दिन बाद मैच खेला जाएगा। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट ने टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर बयान दिया है। आईपीएल 2021 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर चुके पंत अब विश्व कप में भारतीय टीम में खेलते नजर आएंगे। पंत हमेशा अजीबोगरीब शॉट खेलने के अलावा आक्रामक बल्लेबाजी करने के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में सलमान बट ने पंत की बल्लेबाजी को लेकर बयान दिया है। उनके मुताबिक भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज मूडी हैं।

### मूडी बल्लेबाज हैं ऋषभ पंत

बातचीत के दौरान जब सलमान बट से यह पूछा गया कि क्या विश्व कप में ऋषभ पंत एक्स फैक्टर साबित हो सकते हैं ? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, वह बहुत ही मूडी खिलाड़ी हैं, पंत एकदम से गेंद को मारने लगते हैं, वह लगातार ऐसा कर रहे हैं जिसके चलते टीमें उन्हें पढ़ लेती हैं, मेरे विचार से पंत थोड़ा प्रिडिक्टेबल हो गए हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान के मुताबिक, उन्हें थोड़ा परिपक्व माइंडसेट के साथ खेलने की जरूरत है, वह बहुत प्रतिभाशाली और होनहार क्रिकेटर हैं, उनके पास बहुत स्ट्रोक हैं।

### पहली बार टी-20 विश्व कप खेलेंगे पंत

भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पहली बार आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पहले वह 2019 में 50 ओवर वाले विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं। टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम को बहुत उम्मीदें हैं।

### ऋषभ पंत का क्रिकेट करियर

पंत करीब चार साल से इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे हैं। अब तक 25 टेस्ट मैच खेल चुके पंत ने 1549 रन बनाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर 159 रन नाबाद रहा। क्रिकेट के सबसे बड़े प्रारूप में तीन शतक समेत सात अर्धशतक भी उनके नाम दर्ज हैं। उन्होंने 18 एकदिवसीय मैच भी भारत के लिए खेले हैं जिनमें उनके बल्ले से 529 रन निकले। वनडे क्रिकेट में उनके नाम तीन अर्धशतक हैं जिनमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 78 रन है। इसके अलावा पंत ने भारत के लिए 33 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें वह 512 रन बनाने में सफल रहे। टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनका बेस्ट स्कोर 65 रन नॉट आउट है।

## शिक्षा विभाग में फिर लोकायुक्त का छापा

# BRC 6 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर के शिक्षा विभाग द तर में एक बार फिर लोकायुक्त ने छापा मारकर एक अधिकारी को 6 हजार की रिश्वत के साथ गिर तार किया। लोकायुक्त की दबिश देते ही कार्यालय में हड़कंप मच गया, रिश्वतखोर अधिकारी भागने की फिराक में बाहर जाने लगा जिसे दौड़कर पकड़ा गया।**

लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरबड़े ने बताया कि बीआरसी ग्रामीण जबलपुर कार्यालय में पदस्थ लेखापाल विक्रम सिंह राजपूत ने शिकायत की थी बीआरसी ठाकुर प्रसाद पटेल बिल निकलवाने के नाम पर 60 प्रतिशत राशि की मांग करता है। इसी के तहत एक बिल निकलवाने के लिए बीआरसी से 12 हजार में लेखापाल का सौदा हुआ था। सोमवार की सुबह लेखापाल कार्यालय पहुंचा और रिश्वत 6 हजार रूपए जैसे ही बीआरसी को दिए उसी वक्त लोकायुक्त ने दबिश देते हुए उसे दबोच लिया। पूछताछ के दौरान बीआरसी इतना घबरा गया कि वह तारीख ही भूल गया।



### लोकायुक्त को देख तारीख भूल गया बीआरसी
### बिल निकलवाने लेखापाल से मांगे थे 12 हजार रूपए

कुर्सी में सान से बैठा रहा रिश्वतखोर अधिकारी लोकायुक्त डीएसपी कार्रवाई करने के बाद जब जांच प्रतिवेदन में हस्ताक्षर कराने रिश्वतखोर अधिकारी के पास पहुंच तो वह कुर्सी से उठा नहीं और डीएसपी ने खड़े होकर कुर्सी में बैठे अधिकारी से साइन कराएं।

#### बड़े अधिकारी के खास था आरोपी

लोकायुक्त में ट्रेप हुए बीआरसी जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय एक बड़े अधिकारी खास रहे हैं और इसलिए उनके पास पनागर और जबलपुर ग्रामीण का बीआरसी का प्रभार था। बताया जा रहा है कि पनागर में भी रिश्वतखोर अधिकारी से अधिकारी-कर्मचारी परेशान थे और जनप्रतिनिधियों ने शिकायत कर उसे हटवाया था।

#### प्रतिनियुक्ति में मिली बीआरसी की कुर्सी

लोकायुक्त के हाथ धरे गए बीआरसी ठाकुर प्रसाद पटेल मूलत: नरसिंहपुर निवासी है और जिला शिक्षा केंद्र में पदस्थ एक अधिकारी के कारण वरिष्ठ अध्यापक को बीआरसी के पद पर प्रतिनियुक्ति मिली है। आरोपी के पास पनागर और जबलपुर ग्रामीण कार्यालय का फायनेंस का प्रभार भी था।

#### कार्यालय में दूसरी बार लोकायुक्त की कार्रवाई

बताया जा रहा है कि तीन साल पहले भी तत्कालीन बीआरसी मुकेश श्रीवास्तव को भी लोकायुक्त ने दबोचा था। उस समय भी लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग बड़ा बवाल मचा था।

#### कुछ दिन पहले ही जेडीई गिरफ्तार हुए

मालूम हो कि कुछ दिन पहले ही लोकायुक्त ने संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण राममोहन तिवारी को प्यून से रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। खास बात यह है कि संभागीय कार्यालय लोक शिक्षण और बीआरसी कार्यालय आमने-सामने है। एक सप्ताह के अंदर लोकायुक्त की कार्रवाई दो बार होने से शिक्षा विभाग में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।



### लाईफ केयर आई सी यू के एक वर्ष पूर्ण

## भव्य देवी जागरण, झूमे श्रोता




**जबलपुर।** राइट टाउन स्थित डॉ. मुखर्जी अस्पताल में लाईफ केयर सेंटर के 1 वर्ष पूर्ण होने पर माँ नर्मदा म्युजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा भव्य देवी जागरण की प्रस्तुति सांध्य दैनिक यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्कारधानी के सुप्रसिद्ध गायक मनोज चौरसिया, विष्णु सोनी, अनुश्री मिश्रा ने मातारानी का भव्य गुणगान किया, अजय मलिक,अनिल कैथवाश, आदित्य दुबे, राजुल सोनी, राहुल उपाध्याय विक्रांत श्रीवास्तव ने शानदार संगत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के आरम्भ में अतिथियों द्वारा माता की ज्योत प्रज्वलित की गई इस अवसर पर डॉ. अभिजीत मुखर्जी, डॉ मयंक चंसोरिया, सिदार्थ मुकर्जी आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# 4 बच्चों का पिता ससुराल में झूल गया फांसी पर



**तीन दिन खेत में पड़ रहा शव, घर से गायब दामाद की खबर तक नहीं दी किसी को**

**जबलपुर, यशभारत।** बरेला तिलहरी मालरा में 4 बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव 3 दिन तक खेत में झूलता रहा है लेकिन सुसराल पक्ष के लोगों ने उसे खोजने तक का प्रयास नहीं किया। 3 दिन बाद जब गांव के लोग कटाई करने खेत पहुंचे तो युवक जमीन में लेटा हुआ पाया, जिसकी जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई। बरेला पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। बीजाडांडी घुघरी निवासी सुनील यादव ने बताया कि उसके छोटे भाई अनिल यादव की शादी तिलहरी मालरा में हुई है। बीते 5 साल से उसका छोटा भाई अपने 4 बच्चों और पत्नी के साथ ससुराल में ही रह रहा है। ससुराल में रहकर छोटा भाई मजदूरी कर रहा था। 17 अक्टूबर को सूचना मिली कि छोटे भाई ने खेत में जाकर फांसी लगा ली है।

#### 3 दिन से गायब सूचना तक नहीं दी

मृतक के बड़े भाई सुनील यादव ने बरेला पुलिस को बताया कि 3 दिन से उसका छोटा भाई घर से गायब था लेकिन ससुराल पक्ष के लोगों ने इसकी सूचना तक नहीं दी और न ही पुलिस को जानकारी दी। 15 अक्टूबर की शाम 4 बजे छोटा भाई अपनी ससुराल से किसी को बिना बताए निकला आया था।

#### कोई विवाद नहीं हुआ था दामाद से

मृतक के सुसर गणेश यादव ने बताया कि 5 सालों से दामाद उनके साथ रहकर मजदूरी कर रहा था। इतने सालों में दामाद से कोई विवाद नहीं हुआ, फांसी लगाने का कारण पता नहीं चला। गांव के दूसरे लोगों ने बताया कि दामाद खेत में मृत अवस्था में पड़ा है जिसकी सूचना परिजन और पुलिस को दी गई।




### गोहलपुर के गाजीनगर में भीषण अग्निकांड

# 3 दुकानों में भड़की आग, 5 लाख का सामान जलकर खाक

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर के गाजीनगर में दरमियानी रात 2.20 बजे वाहन बॉडी मेकर की तीन दुकानें आग की गिरफ्तर में आ गयीं। दुकानों से उठ रहा धुंए का गुबार और आग की लपटों से पूरा इलाका सिहर उठा। जिसके बाद मौके पर नगर निगम फायर ब्रिगेड अमले को सूचना दी गई। जिसके बाद ननि फायर अमले की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस भीषण अग्निकांड में दुकानों में रखा करीब 5 लाख का सामान जलकर खाक हो गया। आग कैसे लगी, पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है। जानकारी अनुसार गोहलपुर गाजीनगर में मकसूद अनवर मंसूरी की जिनानी बॉडी मेकर की दुकान है। दरमियानी रात वह दुकान बंद कर घर चला गया था। जिसके बाद किसी ने फोन कर बताया कि उसकी दुकान में आग लगी है। इतना ही नहीं उसकी दुकान के अगल-बगल स्थित स्थित बॉडी मैकरों की दुकानें भी आग की चपेट में आ गयी हैं।

**ननि के 3 वाहनों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

#### तीनों दुकानों में भड़क उठी आग

फायर अमले ने बताया कि दरमियानी रात महफूज अंसारी ने उन्हें फोन कर सूचना दी थी कि दुकानें आग की चपेट में है। जिसके बाद तीन गाडि?ां मौके पर रवाना की गईं। गनीमत यह रही कि इस भीषण अग्निकांड में किसी को कोई क्षति नहीं पहुंची।

#### आग लगने का कारण अज्ञात

पुलिस ने फिलहाल मामला जांच में लिया है। दुकानों में आग शॉट सर्कि ट से लगी या फिर लगाई गई। फिलहाल यह अज्ञात है। दुकान संचालकों ने करीब पांच लाख की हानि होने की बात कही है, जिसकी जांच के बाद पुष्टी होगी। **फोटो- अशोक बर्मन**

### गोरखपुर में पुरानी रंजिश पर झड़प

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर के ब्रज मोहन नगर में दरमियानी रात पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को तीन आरोपियों ने घेरकर पहले तो जमकर मारपीट की और फिर किसी नुकीले हथियार से वार कर घायल कर दिया। जिसके बाद घायल लहूलुहान हालत में थाने पहुंचा। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि गोरखपुर में रहने वाले विलियम रॉबर्ट पिता पीटर रॉबर्ट उम्र 21 साल ने बताया कि उसका आकाश जैसवाल व उसके साथियों से पुराना विवाद है। जिसके बाद आकाश ने अपने साथियों के साथ घेरकर उसके साथ मारपीट की और नुकीले हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

## एमआर ने नौकरी जाने पर दे दी जान

### 3 माह से तनाव के बाद लगा ली फांसी

**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनी नगर की भूकंप कॉलोनी निवासी एक एमआर ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। मृतक की लॉकडाउन में नौकरी चली गयी थी, जिसके बाद उसने अन्य कंपनियों में नौकरी तलाशने की कोशिश की, लेकिन जब सफलता नहीं मिली। जिसके बाद वह करीब 3 माह से तनाव में था और उसी के बाद आत्मघाती कदम उठाते हुए फांसी पर झूल गया। बेटे ने जब पिता को फंदे पर लटका हुआ देखा तो उसकी चीखे निकल गयीं, जिसके बाद मौके पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। धनवंतरी चौकी प्रभारी सत्य नारायण कुछवाहा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मृतक सुनील मिश्रा पिता जगदीश प्रसाद मिश्रा उम्र 45 साल निवासी भूकंप कॉलोनी थाना संजीवनी नगर ने फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पुत्र ने बताया कि पिता मृतक एम आर था। लॉक डाउन में नौकरी छूट जाने के कारण डिप्रेशन में था और इसी कारण फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

## मानस भवन के पास मिला भिक्षुक का शव

**जबलपुर, यशभारत।** मदनमहल थाना के मानस भवन के पास दरमियानी रात एक शव पड़ा हुआ मिला। जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर, मर्ग कायम करते हुए मामला जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि मानस भवन के पास शव मिलने की सूचना देर रात आई थी, आज सुबह शव कब्जे में लेकर आसपास पछताछ की गई। जिसके बाद ज्ञात हुआ कि मृतक मांगता-खाता था और यहां-वहां पड़ा रहता था। मामले की जांच जारी है।



## कचरे के ढेर में मिला नवजात

**जबलपुर, यशभारत।** यादव कॉलोनी चौकी के ंअंतर्गत कछपुरा ब्रिज के नीचे आज कचरे के ढेर के नीचे बच्चे के रोने की आवाज सुनकर लोग स्तब्ध रह गए और जब जाकर देखा तो कचरे में पड़ा-पड़ा बच्चा रो रहा था और उसको चीटियां लग रही थी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को तत्काल कचरे के ढेर से उठाकर, एल्गिन अस्पताल लेकर दौड़ी। जहां बच्चे को भर्ती कराया जा रहा है। चौकी प्रभारी अभिलाष पाण्डे ने मामले की जानकारी देत हुए बताया कि आज सूचना मिली कि कछपुरा ब्रिज के नीचे कोई अपने तीन-चार दिन के नवजात लड़के को कचरे के ढेर में फेंककर चला गया है। जिसके बाद बच्चे को निकाला गया। बच्चा रो रहा था। जिसके बाद बरामद बच्चे को एग्गिन अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। मामले दर्ज कर, जांच में लिया है।



### डा. अर्पित शु ला की सास का निधन

**जबलपुर।** मगरमुंहा निवासी वैभव दुबे, विवेक दुबे एवं शालिनी शुक्ला की माताजी श्रीमती संध्या दुबे का 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्व. श्री विजय कुमार दुबे की धर्मपत्नी एवं डा. अर्पित शुक्ला की सास थीं। अंतिम संस्कार मगरमुंहा मुक्तिधाम में किया गया।



### डॉ घनश्याम असरानी नहीं रहे

**जबलपुर।** शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ घनश्याम असरानी आज निधन हो गया है। अंतिम यात्रा 19 अक्टूबर मंगलवार को निवास स्थान 49/1 आदर्श नगर नर्मदा रोड से सुबह 10 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम को प्रस्थान करेगी।



# मार्निंग वॉक में निकला प्रभारी प्राचार्य गायब



जबलपुर, यशभारत। शासकीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रहस्यमय ढंग से गायब हो गए हैं। 10 अक्टूबर को वे घर से मानिंग्ज़ वॉक पर निकले थे, इसके बाद से पता नहीं चल रहा है। परिवार के लोगों ने इसके पीछे गांव वालों से हुए विवाद को जोड़कर देख रहे हैं। मझगवां पुलिस ने गुम इंसान कायम कर मामला जांच में लिया है। 18 दिन से प्रभारी प्राचार्य को परिजन और पुलिस खोज रही है परंतु अभी तक प्रभारी प्राचार्य का सुराग नहीं लगा है। सिहोरा ब्लॉक के शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल अगरिया में प्रभारी प्राचार्य मंगल सिंह करोपे (55) बीते 10 अक्टूबर से गायब हैं। वे 10 अक्टूबर की सुबह 4-30 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। वह रोज 3 से 4 किमी दूर तक जाते थे और लौट आते थे। 10 अक्टूबर की सुबह को निकले, तो अब तक पता नहीं चला।

**18 दिन से परिजन-पुलिस कर रही तलाश मोबाइल भी घर पर छोड़कर गए**

#### तलाश के बाद थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी

परिजनों ने चारों ओर उनकी तलाश की, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने मझगवां थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। मंगल सिंह करोपे मढ़ा बंजर गांव के रहने वाले हैं। बेटी हेमलता करोपे के मुताबिक वह सुबह 4.30 बजे निकलते थे और 6-30 बजे लौट आते थे। वे अपना मोबाइल भी घर में चार्ज में लगा कर छोड़ गए थे। बनियान और टॉवल में निकले थे।

#### 09 अगस्त को हुआ था विवाद

आदिवासी दिवस पर 09 अगस्त को गांव के सामाजिक लोगों से उनका विवाद हुआ था। बेटी हेमलता करोपे के मुताबिक उस दिन विवाद के दौरान उसके पिता के साथ मारपीट भी गई थी। हालांकि तब मामला शांत हो गया था, लेकिन तनाव बना हुआ था। बेटी ने आशंका व्यक्त की है कि उक्त लोगों से पूछताछ हो तो पिता के गायब होने की गुत्थी सुलझ सकती है।

#### सामाजिक गतिविधियों में रहते थे सक्रिय

एमपीईबी बघराजी में पदस्थ बेटी हेमलता के मुताबिक उनके पिताजी शिक्षक हैं और कुछ समय से वे प्रभारी प्राचार्य के रूप में भी शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल अगरिया में पदस्थ हैं। वे लगातार समाजिक कार्यों में जुटे रहते हैं। इस तरह वे बिना बताए कभी घर से नहीं निकले थे। परिवार के लोग मार्निंग वॉक वाले रोड पर भी तलाश करते हुए गए, लेकिन कोई साक्ष्य नहीं मिला। परिजनों को संदेह है कि या तो उनके पिता को कहीं बंधक बना कर रखा गया है, या फिर कुछ अनहोनी हो चुकी है।

अब नये परिवेश में 21 वें साल के प्रवेश पर आप सभी को
दीपावली पर हमारे परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
समदड़िया मॉल के समीप 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी ए पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर
दीपावली पर हमारे परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, किंग क बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
(दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )